वर्ष- 21 अंक - 219 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

## ट्रंप ने दिए भारत के साथ ट्रेड डील के संकेत तो झूमा शेयर बाजार

### ट्रंप ने यूरोप पर टैरिफ लगाने का फैसला भी किया रद्द

मुंबई ● एजेंसी

मुंबई.एजेंसी. लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज शेयर मार्केट तेजी के साथ खुला। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड डील पर पॉजिटिव संकेत दिए हैं। इससे शेयर मार्केट में तेजी आई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में 800 अंक से अधिक तेजी आई जबकि निफ्टी भी 250 अंक से अधिक चढ़ गया। ट्रंप ने कहा कि मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं और भारत से अच्छी ट्रेड डील होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर यूरोप के कई देशों पर टैरिफ लगाने की अपनी धमकी वापस ले ली है।

## भोजशाला में पूजा या नमाज–फैसला आज

**धार.एजेंसी।** इस बार बसंत पंचमी कल 23 जनवरी शुक्रवार याने जुमे की नमाज के दिन पड़ रही है। हिन्दू समाज पूरे दिन भोजशाला में अखंड पूजा करने पर अड़ा है। जबकि मुस्लिम पक्ष नमाज की जिद पर कायम है। हिन्दू पक्ष की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी जिसमें कल जुमे की नमाज पर रोक लगाने की बात कही गई है। आज फिर सुप्रीम फैसला होगा कि भोजशाला में सिर्फ पूजा होगी या कुछ देर नमाज की भी छूट होगी।

## हवाईअड्डा पर विदेशी महिला से छेड़छाड़

**बेंगलुरु.एजेंसी।** बेंगलुरु हवाईअड्डा पर दक्षिण कोरिया की एक महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। इस मामले में पुलिस ने एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला की तलाशी के नाम पर उसे गलत तरीके छुआ और गले लगाया।

## गोवा के नाइट क्लब की आग में सरपंच का हाथ!

**पणजी.एजेंसी।** गोवा पुलिस ने नागोवा-अर्पोरा पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। रेडकर पर आरोप है कि उन्होंने बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब चलाने में मदद की, जहां 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई थी। हाईकोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत खारिज की और वह फरार है।

## दुकान से मिलीं 30 लाशें

**कराची.एजेंसी।** कराची के एक शॉपिंग प्लाजा में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। एक ही दुकान से 30 शव मिलने के बाद मृतकों का आंकड़ा तेजी से बढ़ा है। आशंका है कि यह संख्या 100 के पार भी जा सकती है, क्योंकि अभी भी बड़ी तादाद में लोग लापता हैं।

## महाराष्ट्र में मेयर पद से आज उठेगा पर्दा

**मुंबई.एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुंबई की बीएमसी सहित 29 नगर महापालिका में अब बारी मेयर के चुनाव की है, जिस पर सभी की निगाहें लगी हुई है। किस शहर में महिला मेयर होगी और किस शहर में ओबीसी, सामान्य वर्ग या फिर अनुसूचित जाति से होगा इससे आज पर्दा उठ जाएगा, क्योंकि शहरी विकास विभाग आरक्षण की प्रक्रिया के जरिए तय कर देगा।

## कांग्रेस शासन में संघ की निगरानी करती थी आईबी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कांग्रेस के शासनकाल में इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखती थी। यह दावा रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी और पद्मश्री से सम्मानित प्रकाश सिंह ने एक मीडिया कार्यक्रम में किया।

## आग का गोला बनी बस कई जिंदा जले, तीन की मौत

हैदराबाद.एजेंसी। आंध्रप्रदेश के नंद्याल जिले में ट्रक से टक्कर के बाद एक बस में आग लग गई जिससे बस में सवार कई लोग जिंदा जल गए। अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और कई घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बस भी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इसी तरह मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बस में आग लग गई। गनीमत यह रही कि यात्रियों ने खिड़की से कूदकर अपनी जान बचा ली।

## हिन्दू लड़कियों को ब्लैकमेल करने वाले का एनकाउंटर

**मिर्जापुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर में जिम की लड़कियों को ब्लैकमेल करने और धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपी फरीद को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।

## मणिपुर में अपहरण के बाद हत्या से तनाव

**इम्फाल.एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में एक मैतेई युवक का अपहरण करने के बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह युवक पत्नी के पास छुट्टी बिताने आया था। युवक की हत्या से राज्य में तनाव और बढ़ गया।

## ईरान में 3117 मरे

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान सरकार ने कबूल किया है कि हाल के विरोध प्रदर्शन में 3117 लोग मारे गए हैं।



## शोक बैठक

श्रीमती कंचनबाई एवं स्व. बंशीधर जी गोयल की पुत्रवधू, स्व. किशनगोपाल, सुरेशचन्द्र, सुभाषचंद्र की अनुज वधू, ललित की भाभीजी, आनंद, आशीष, अमित, निमिष की चाचीजी, अक्षय, अक्षत गोयल की माताजी एवं नक्ष व दर्श की दादीजी, मेरी धर्मपत्नी

**श्रीमती रीनादेवी गोयल**

का बैकुंठवास 20.01.2026 को हो गया है।

जिनका **उठावना 22.01.2026** को **शाम 4 से 5 बजे तक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, नक्षत्र, इंदौर** पर रखा गया है।

**बैठक 23 से 25 जनवरी शाम 5 से 7 बजे तक** निज निवास **B-56, बसंत विहार, विजय नगर, इंदौर** पर रखी गयी है।

**ससुराल पक्ष नारायण प्रसाद राजेशकुमार जिंदल खंडवा वालो की भी बैठक सम्मिलित रहेगी।**

शोकाकुल

**के. के. गोयल**

**कैलाश विजयवर्गीय**

**अक्षय एवं अक्षत गोयल**

फर्म : • सुभाष ट्रेडर्स • डिवाईन बिल्डवेल प्रा. लि. • मो.: 9827242041, 9425400001

# लाहुजी नगर में हालात 10 दिन में नहीं सुधरे तो कांग्रेस करेगी चक्काजाम

## कांग्रेस अध्यक्ष पहुंचे पीड़ित क्षेत्र में रास्ते में भरा था ड्रेनेज का पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

गांधी नगर क्षेत्र के लाहुजी नगर में कल शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे अपनी घोषणा के मुताबिक पहुंचे थे। चौकसे पहुंचे तो बड़ी संख्या में रहवासी बाहर निकलकर अपनी समस्या बताने आए। कई लोग रोते, बिलखते भी दिखे और कहा कि यह लाहुजी नगर भी दूसरा भागीरथपुरा बनने की ओर है। चिंटू चौकसे ने कहा कि नगर निगम की लापरवाही से लाहुजी नगर में हालत खराब है, लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं, चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य है, इन सभी मल्टियों के रहवासियों को नगर निगम द्वारा राजवाड़ा के आसपास से यहां बसाया गया था। चौकसे ने साफतौर से चेतावनी दी कि अगर 10 दिनों में निगम द्वारा यहां की समस्या का समाधान नहीं किया या तो कांग्रेस चक्काजाम करेगी। यह क्षेत्र वार्ड 15 में आता है और जो मल्टी बनाई गई है उसे बने को 11 से 12 साल हुए



हैं और हालत जर्जर हो गई है, इस पर भी चौकसे ने कहा कि यह मल्टियां प्राधिकरण ने बनवाई थी, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर 11 साल में ही मल्टियों की हालत खराब हो गई। यह मल्टियां भ्रष्टाचार का मॉडल है ऐसा भी चौकसे ने कहा। चौकसे ने कहा कि पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली है, ड्रेनेज का पानी पूरे रास्ते पर भरा हुआ है, लोग गंदगी और ड्रनेज पानी के बीच निकल रहे हैं। बदबू, मच्छर पूरे क्षेत्र में फैली हुई है। लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं, इसके पीछे निगम का हाथ है, जो हालात है उस पर यहां कभी भी महामारी फैल सकती है। चौकसे ने यहां तक कहा कि लाहुजी नगर दूसरा भागीरथपुरा बनने की कगार पर है। हम नहीं चाहते हैं कि इंदौर में किसी भी क्षेत्र में भागीरथपुरा के जैसी स्थिति बने। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि अगले 10 दिन के अंदर किस क्षेत्र में व्यापक सफाई का अभियान चलाया जाएं। इसके साथ ही नागरिकों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए माहौल बनाया जाए। यदि निगम के द्वारा इस कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया तो कांग्रेस 10 दिन के बाद गोम्मटगिरि चौराहा पर रहवासियों को साथ लेकर चक्का जाम करेगी।



## मंत्री का पोस्टर लेकर त्याग पत्र की मांग

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव के नेतृत्व में सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी और उसके बाद न्यायालय के हस्तक्षेप के मद्देनजर मंत्री विजय शाह के इस्तीफे को लेकर पोस्टर हाथ में लेकर चौराहा-चौराहा पर जनजागरण अभियान चलाया और मंत्री से इस्तीफे की मांग की। न्यायालय के निर्देश के बाद कांग्रेस ने कल मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग पोस्टर हाथ में लेकर गुंजाई। छोटी ग्वालटोली, छत्रीपुरा, यशवंत रोड सहित अन्य जगह पर प्रदर्शन किए। मंत्री के खिलाफ नारे भी लगाए। सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, नीलेश सेन शैलू, नितिश भारद्वाज, प्रतीक मित्तल, विभाष शर्मा, आकिब खान, दर्पण मेहरा, सुरेश धीमान, रामलाल इंगले, इमरान खान, अकरम खान, नदीम खान, लक्ष्मण खत्री, रवि कांत सैनी, लवेश यादव, महेंद्रसिंह यादव, विशाल चतुर्वेदी, यशपाल गेहलोत, कमल बघेल, पुखराज राठौर, राहुल धाकरे मौजूद थे।

## कांग्रेसियों को मिली न्यायालय से अगली तारीख

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कोरोना काल में व्यापरिक मुद्दे पर उस समय के कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल के साथ उसी समय के कांग्रेस विधायक रहे संजय शुक्ला और जौहर मानपुरवाला, संजय बाकलीवाल, इम्तियाज बेलिम, धर्मेन्द्र गेंदर सहित 13 लोग जिनमें कुछ व्यापारी भी है। वे व्यापारी हित मुद्दे पर शहर के मध्य व्यापारिक क्षेत्र बर्तन बाजार सहित अन्य जगह पहुंचे थे उस समय प्रतिबंधात्मक आदेश प्रशासन के थे उसी के चलते उस समय के मौजूद कांग्रेसियों और व्यापारियों पर प्रकरण सराफा थाना में दर्ज किया गया था। कल न्यायालय में इसी मुद्दे पर पेशी थी। अधिवक्ता संतोष यादव ने कल सभी को आवश्यक रूप से न्यायालय पहुंचने के निर्देश दिए इनमें ज्यादातर पहुंचे भी। इस मामले में अगली सुनवाई 11 फरवरी को होना है। व्यापारी सुरेन्द्र एवं जावेद पर भी मामला लम्बित है।

## समाजवादी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र खजराना में संगठन की मजबूती के लिए वहां के रहवासी, दुकानदार को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाया। कुछ लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने में सफलता भी पदाधिकारियों को मिली। उक्त जानकारी सुरेश सूरजवानी ने दी।





## महापौर पहुंचे नार्थ तोड़ा शिविर में

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शहर के प्रत्येक वार्ड में संचालित 'संकल्प से समाधान अभियान' के अंतर्गत झोन क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 60, नार्थ तोड़ा में शिविर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अधिकारी नरेन्द्रनाथ पांडे, गीतेश तिवारी भी मौजूद रहे। सभी पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिले इसके निर्देश भी दिए।

## मतदाता फार्म प्रक्रिया पर कांग्रेस प्रवक्ता को आपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि मप्र सहित अन्य राज्यों में मतदाता सूची सुधार कार्य चल रहा है, परंतु एस आई आर प्रक्रिया के तहत मप्र में बड़े पैमाने पर खेल करने की तैयारी चल रही है। कतिपय लोगों ने धारा 7के फार्म छपे छपाए हुए लेकर विभिन्न मतदान केंद्रों पर जमा कर रहे हैं जहां बड़ी संख्या में दलित पिछड़े तथा अन्य वर्ग के मतदाता रहते हैं। ग्राम संवरसी तह-सील टोंक खुद जिला देवास में करीब डेढ़ सौ से अधिक मतदाताओं ने लिखित शिकायत की। लोगों ने अधिकारी पर भी आरोप लगाया और कहा कि पुलिस भी इस मामले में रिपोर्ट नहीं लिख रही है। द्विवेदी ने कहा कि इंदौर के विधानसभा क्षेत्र 1के कुछेक खास स्थानों पर यह कारनामा किया गया, अधिकारी द्वारा इंदौर के कुछेक नहीं सैकड़ों मतदाताओं के नाम हटाने का फार्म 7 जमा किया है। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राज्य चुनाव आयोग तथा केंद्रीय चुनाव आयोग आंख मूंदकर बैठा हुआ है। क्या दिशा निर्देश जारी नहीं किया जा सकता कि अगर कोई गलत प्रक्रिया अपना रहा है तो उसकी शिनाख्त करके सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाए। द्विवेदी ने सवाल उठाया आवेदन पत्र हस्तलिखित हो आवेदक ने ही दिया संतुष्टि हो परंतु लोकतांत्रिक हत्या करने वाले तत्वों की शिनाख्त हो। मप्र में हजारों की संख्या में प्रिंटिंग किए गए फार्म के जरिए नाम हटाने के आवेदन का बड़ा खेल खेला जा रहा है। उक्त पूर्ण जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने दी।

## भाजपा को लाभ पहुंचा रहे हैं बीएलओ-कांग्रेस

### संगठन महामंत्री ने लिखा मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। शहर कांग्रेस के प्रभारी संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को पत्र लिखकर बताया कि इन्दौर शहर के विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओगणों द्वारा नये मतदाताओं को जोड़ने में नियमों का पालन नही कर रहे है और लापरवाही भी कर रहे है, सत्तापक्ष को लाभ पहुंचाया जा रहा है। बाकलीवाल ने पत्र में लिखा कि वर्तमान में जो एसआईआर कार्यक्रम लगभग 44 दिन चलाया गया था उसमें जो मतदाताओं के नाम अनुपस्थित शिफ्ट व रीपिट की सूची में निर्वाचन विभाग द्वारा घोषित किये गये थे उसमें अनुपस्थित मतदाताओं के नाम आपके बीएलओ द्वारा वापस ला-परवाही करते हुये 2003 की फर्जी गलत जानकारी भरकर वापस मतदाता सूची में जोड़े जा रहे है तथा जिनका नाम वर्तमान में नो मेपिंग (जिनकी 2003 की जानकारी मतदाताओं द्वारा नहीं दी गई) में है। उनके दस्तावेज जो कि निर्वाचन विभाग द्वारा निर्धारित किये ये वे आपके ईआरओ द्वारा नही लिये जा रहे है तथा उसमें भी घोर लापर-वाही आपके ईआरओ जो कि जो मेपि-ंग के मतदाताओं की सुनवाई कर रहे है द्वारा की जा रही है। वर्तमान में ईआरओ द्वारा जो गाईडलाईन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पारित कि गई थी उसका पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में भाजपा कार्यकर्ता व नेताओं द्वारा फार्म नं. 6 स्वंय भरवाकर 2003 की गलत फर्जी जानकारी का कागज निकलवाकर इकट्ठे फार्म बीएलओ को दिये जा रहे है, जो कि सरासर गलत है। क्योंकि उसमें किरायेदारों के लिये किरायेदारी का इकरारनामा व परिवार के किसी भी सदस्य की 2003 की जान-कारी उपलब्ध कराना आवश्यक है तथा बीएलओ द्वारा उपरोक्त फार्म नं. 6 मतदाता से ही प्राप्त करना होता है किंतु उपरोक्त फार्म भाजपा के बीएलए व बूथ अध्यक्षों से व नेताओं से पार्षदगणों के कर्मचारियों से प्राप्त कर रहे है तथा बीएलओ उपरोक्त मतदाताओं का भौतिक सत्यापन भी नही कर रहे है। तथा जिन लोगों ने एसआईआर का फार्म इन्दौर शहर की मतदाता सूची का नहीं भरा, जिनका नाम एसआईआर में अनुपस्थित सूची में है उनकी भी 2003 की गलत फर्जी जानकारी के आधार पर नाम जोड़े जा रहे है जो कि गलत है. व भारत नि-र्वाचन आयोग की गाईड लाईन के खिलाफ है। मतदाता अपना फार्म नं. 6. स्वंय बीएलओ को आकर देने तथा बीएलओ मतदाता का नाम भौतिक सत्यापन के आधार पर ही जोडे। अतः निवेदन है कि, आपके अधिनस्थ र-जस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक र-जस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ, सुपरवाईजर व बीएलओगण को निर्देशित करें कि आपके द्वारा जो अपने जिम्मेदारी में लापरवाहीपूर्ण कार्य किया जाकर गलत तरीके से अनुपस्थित मतदाताओं की 2003 की गलत जान-कारी के आधार पर जो नाम जोडे जाने का प्रयास किया जा रहा है उसे रोका जावे च बीएलओ व सुपरवाईजर द्वारा सत्तापक्ष के जो नेतागण है उनसे फार्म नं. 6 इकट्ठे न लेवे, मतदाताओं से फार्म लिया जावे व बीएलओ भौतिक सत्यापन के आधार पर जोडा जावे व प्रकिया का सही तरीके से कियान्वयन किया जाये। उक्त पूर्ण जानकारी शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने दी।

# ध्वज फहराने की लिस्ट में विजयवर्गीय का नाम नहीं देख बनी चर्चा

## कुछ देर बाद मिला स्पष्टीकरण, आगामी दिनों के सभी कार्यक्रम मंत्री ने निरस्त किए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल शाम को सोशल मीडिया पर म.प्र. शासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वज फहराने के लिए मंत्री और अधिकारियों के नाम की लिस्ट जारी की गई। इस लिस्ट में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नाम नहीं देख राजनीतिक रूप से चर्चा का विषय बन गया। हालांकि कुछ देर बाद एक लेटर प्रसारित हुआ जिसमें स्पष्टीकरण था।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आगामी दिनों होने वाले अधिकारिक, सार्वजनिक और सामाजिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होने की सूचना जारी की है। इसके पीछे उन्होंने निकट पारिवारिक सदस्य के निधन को कारण बताया है। उल्लेखनीय है कि विजयवर्गीय के करीबी पारिवारिक सदस्य के.के. गोयल की धर्मपत्नी रीनादेवी गोयल का मंगलवार को निधन हो गया था। जिसके बाद विजयवर्गीय ने अपने कार्यक्रम निरस्त किए है। झंडा फहराने की लिस्ट में सभी मंत्री के नाम थे और मंत्री विजयवर्गीय का नाम नहीं था तो सोशल मीडिया पर राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया जिसके बाद मंत्री समर्थकों द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति सोशल प्रसारित की गई जिसमें मंगलवार को ही विजयवर्गीय ने आगामी दिनों के कार्यक्रम निरस्त करने की सूचना दी थी। उल्लेखनीय है कि मंत्री विजयवर्गीय सम्बंध निभाने में हमेशा आगे रहते है। कल जब मंत्री के निजी सचिव ने यह सूचना प्रसारित की तो लोगों को स्पष्टीकरण मिल गया। इससे पहले लोग इसको बीते दिनों हुए भागीरथपुरा कांड से जोड़ रहे थे।



## गंदे पानी की शिकायत की हकीकत को मौके पर जाकर देखा

### सुदामा नगर क्षेत्र में निगम आयुक्त पहुंचे

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सुदामा नगर क्षेत्र से लगातार गंदा पानी दिए जाने की शिकायत आ रही थी। इस शिकायत की हकीकत को आज सुबह निगम आयुक्त ने मौके पर जाकर देखा। उन्होंने वहां पर सुधार के लिए शुरू किए गए कामों का भी जायजा लिया।

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रातः झोन क्रमांक 14 के अंतर्गत सुदामा नगर, हवा बांगला रोड, 60 फीट रोड, प्रभु नगर, अन्नपूर्णा नगर एवं विभिन्न क्षेत्रों में गंदे पानी और पानी न आने की शिकायत के संबंध में दौरा किया गया। आयुक्त द्वारा विगत दिवस जल सुनवाई एवं जल प्रदाय समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र में गंदे पानी एवं पानी न आने की शिकायत के संबंध में स्थलीय निरीक्षण करते हुए किए जा रहे संधारण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, झोनल अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर निगम के टिकिट एक वर्ष पूर्व घोषित किए जाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सांवेर विधानसभा के शहरी क्षेत्र के वार्ड 35 के पार्षद दावेदार राजा टोनेरे ने राजनीतिक दलो से मांग की है कि वे नगर निगम और विधानसभा चुनाव के टिकिट वर्ष भर पहले ही तय कर घोषित कर दें, जिससे टिकिट के लिए भी लोगों को मशक्कत नहीं करना पड़ेगी और दावेदार भी ज्यादा नहीं बनेंगे। टिकिट होने से जो भी दलों के अन्य उम्मीदवार होंगे वे सहयोगी बनाकर काम उस दल के साथ करेंगे। टिकिट अंतिम से अंतिम समय में करने से दल में गुटबाजी बढ़ जाती है और रायता फैल जाता है।

# अवैध कॉलोनी में निर्मित मकान आज तोड़े जाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इंदौर नगर निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 20 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में बनाई जा रही अवैध कॉलोनी धर्मराज कॉलोनी में आज नगर निगम के द्वारा अवैध निर्माण तोड़े जाएंगे। निगम के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा वैसे ही अवैध कॉलोनी के निर्माण पर रोक लगा दी गई है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा धर्मराज कॉलोनी के निर्माण और विकास की शिकायत प्राप्त होने पर नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के बावजूद कॉलोनाइजर के द्वारा प्लाटो के क्रय विक्रय का काम निरंतर किया जाता रहा। इसके साथ ही इस कॉलोनी में प्लाट लेने वाले लोगों के द्वारा नगर निगम से नक्शा मंजूर करवाए बगैर अवैध रूप से मकान का निर्माण शुरू कर दिया गया। इस कॉलोनी में इस समय चार मकान बन रहे हैं। आज नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा अभियान चलाकर इन सभी बनाए जा रहे मकानों को तोड़ दिया जाएगा।

### चारों तरफ बन रही है अवैध कॉलोनी

इस समय इंदौर शहर में चारों दिशाओं में अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण करने का काम तेज गति के साथ चल रहा है। एरोड्रम क्षेत्र में और बाणगंगा क्षेत्र में सबसे ज्यादा अवैध कॉलोनी बनाई जा रही है। इसके साथ ही इंदौर उज्जैन रोड पर भी बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनी आकार लेती हुई नजर आ रही है। धार रोड पर चंदन नगर के आगे के क्षेत्र में काफी अवैध कॉलोनी का निर्माण हो रहा है। इनमें से किसी पर भी नगर निगम के द्वारा अब तक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## सलाहकार समिति के शैलेष गर्ग ने उठाए बैठक में मुद्दे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति रतलाम मंडल सदस्य और कांग्रेस नेता शैलेष गर्ग ने कल रतलाम में हुई डीआरयूसीसी की बैठक में बिन्दूवार मुद्दे उठाए।वाणिज्यिक प्रबंधक को भी पत्र दिया गया जिसमें इन्दौर में रेलगाडी प्लेटफार्म पर आती है तब गाडी के प्रवेश द्वार पर ही लीलेन वाले गाडी के गेट पर ही गाडी लगा देते है, जिससे यात्रियों को आने जाने में परेशानी होती है। साथ ही लक्ष्मीबाई स्टेशन पर आरक्षण केन्द्र खोला जाए जिस प्रकार राजेन्द्र नगर में है। इन्दौर से चलने वाली प्रमुख गाडियों को महू से चलाया जाये और इनका स्टाप राऊ व राजेन्द्र नगर पर भी किये जाये जिससे इन्दौर प्लेटफार्म पर यात्रियों का बोझ कम होगा एवंम यातायात की दृष्टि से यातायात का दबाव भी कम होगा और पश्चिम दक्षिण में अनेक कॉलोनियां बन गई है उनको भी सुविधा होगी।लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर टिकिट वेन्डिंग मशीन लगाई जाये और इन्दौर उज्जैन सिंहस्थ को देखते हुये स्टेशन पर मशीनों की संख्या बढ़ाई जाये। प्लेट फार्म नंबर 5 व 6 पर सियागंज जाने हेतू फुट ओव्हर ब्रिज उपलब्ध कराया जाये।प्लेट फार्म नंबर 5 व 6 पर लिफ्ट की संख्या बढाई जाये। प्लेट फार्म नंबर 5 व 6 पर जी आर पी पुलिस बूथ बनाया जाये ताकि यात्रियों को सुरक्षा हो। आगामी सिंहस्थ को देखते हुये इन्दौर स्टेशन पर श्रद्धालुओं का आवागन होगा। इस हेतू नवनिर्माण कार्य शीघ्र समय के साथ पूर्ण कराया जाये एवं लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर सभी यात्री सुविधायें मुहैया कराई जाये।

## महापौर और आयुक्त को घेरने की रणनीति आज शाम बनाएगा कांग्रेस पार्षद दल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। निगम में नेताप्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि कांग्रेस पार्षद दल की आज शाम 5 बजे नगर निगम में बैठक हो रही है और निगम मुख्यालय में ही बैठक के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को घेरने की योजना बनाई जाएगी। चौकसे ने बताया कि नगर निगम में विगत तीन दिनों से टेंडर की प्रक्रिया ही बंद कर दी गई है, कई काम पहले से अधूरे पड़े हैं, कई काम बंद हो चुके हैं और कइयों के वर्क ऑर्डर हो चुके हैं, लेकिन काम शुरू नहीं हुए हैं। वहीं जहां काम किए जाना है उनकी स्वीकृति मिले, उनके वर्क ऑर्डर हो और सभी दूर कार्य शुरू हो। इस पर आज पार्षद दल चर्चा करेगा और महापौर और आयुक्त को घेरने की रणनीति भी बनाई जाएगी। जरूरत पड़ी तो कांग्रेस पार्षद दल हर विधानसभा में काम के मुद्दे पर धरना, प्रदर्शन करेगा।

## मेट्रो स्टेशन निर्माण खातिर क्या कानून ताक पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद कुमार द्विवेदी ने इंदौर जिला प्रशासन से सवाल किया कि क्या मेट्रो स्टेशन निर्माण खातिर कानून ताक पर रख दिया गया है। शहर में कुछेक जगहों पर मेट्रो स्टेशन निर्माण कार्य किया जा रहा है। जैसे बिजासन माता मंदिर के पास बीएसएफ में विद्याधाम मंदिर के सामने रामचंद्र नगर चौराहे के पास रुस्तम कैम्पस तो बड़ा गणपति चौराहे पर आदि जगहों पर निर्माण कार्य शुरू किया गया परंतु आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ बदस्तूर जारी है। रात भर बड़ी-बड़ी मशीनों की गूंज से आसपास के रहवासी चैन की नींद सो नहीं पाते हैं तो दिन में भी हालत यह है कि शारदा कन्या स्कूल में तो बच्चियों की सुरक्षा एवं पढाई दोनों प्रभावित हो रही है। श्रम कानून का पालन नहीं किया जा रहा है सुरक्षा के मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। राहगीरों को धुल गंदगी एवं शोरगुल से परेशानी हो रही है। चारों तरफ सुरक्षा घेरा नहीं डाला गया है। धुल धुंए शोरगुल से बचाव खातिर नेट नहीं लगाई गई है। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि आखिरकार निर्माण एजेंसी पर इतनी मेहरबानी क्यों, आसपास के नागरिक न तो रात भर नींद ले पाते हैं और ना ही साफ शुध्द हवा प्रकाश अपितु धुल धुंए से अलग परेशानी, बड़ी-बड़ी मशीनों का रात में भी चलना किस कानून तहत जायज है।

## झोन के सामने बनी दुकानों के शटर निगम ने हटाए

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नार्थ राजमोहल्ला स्थित नगर निगम झोन के सामने ही रहवासी क्षेत्र को कमर्शियल करने के मुद्दे पर कल नगर निगम ने 11/2, नार्थ राजमोहल्ला पर कार्रवाई की। यह मकान पहले से चर्चा में था कि राजनेताओं ने इसमें खेल कर रहवासी क्षेत्र में दुकान का कार्य करवाया। इस मामले में रहवासियों ने शिकायतें भी की थी और उसी आधार पर नगर निगम ने दुकान के लिए लगाए गए शटरों को निकाल दिया।




इधर रहवासियों का कहना है कि और भी दुकानें एवं व्यवसायिक कार्य रहवासी क्षेत्र में संचालित हो रहे है उन्हें भी हटाया जाए।

# सराफा में मारपीट...जेवर बनाने को लेकर हुए विवाद में दो आरोपियों ने पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सराफा थाना क्षेत्र में जेवर बनाने की बात को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ा कि दो आरोपियों ने एक बंगाली कारीगर के साथ जमकर मारपीट कर दी। आरोपियों ने न केवल फरियादी को पीटा, बल्कि उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना खजूरी बाजार स्थित एमआर बिल्डिंग की है। फरियादी समीर मोंडल पिता सुबोध मोंडल, जो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के नगरपारा का रहने वाला हैं और यहाँ रहकर जेवर बनाने का काम करता हैं।फरियादी समीर ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी जयनातो और नरपत सिंह को सोने-चांदी के जेवर बनाने के लिए दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब आरोपियों ने जेवर वापस नहीं किए, तो समीर ने उनसे अपने काम का हिसाब मांगा।

इसी बात को लेकर आरोपियों ने फरियादी के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियो ने फरियादी को घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर जब आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने फरियादी को धमकी दी कि वे उसे जान से खत्म कर देंगे।सराफा थाना पुलिस ने फरियादी समीर मोंडल की शिकायत पर आरोपियो के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# वाशिंग मशीन सुधरवाने के लिए मांगे पैसे

## पत्नी ने मना किया तो पति ने गला घोंटकर मारने की कोशिश की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लसूड़िया थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक शख्स ने अपनी पत्नी से वाशिंग मशीन ठीक करवाने के लिए पैसों की मांग की और इनकार करने पर उसने पत्नी और अपनी ही मां के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोपी ने तैश में आकर पत्नी का गला घोंटने का भी प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना निपानिया स्थित धनलक्ष्मी नगर की है। पीड़िता मयूरी दुबे पति गौरव दुबे ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। मयूरी ने बताया कि वह अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार हो रही थी, तभी उसके पति गौरव ने उसे रोका और वाशिंग मशीन सुधरवाने के लिए पैसों की मांग की। जब मयूरी ने कहा कि उसके पास अभी पैसे नहीं हैं, तो गौरव आगबबूला हो गया।आरोपी गौरव ने पहले मयूरी को गालियां दीं और फिर हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई अपनी वृद्ध मां के साथ भी उसने धक्का-मुक्की और मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान गौरव ने उसे जान से मारने की नीयत से उसका गला घोंटने की कोशिश की, जिससे उसके गले और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान आए हैं।पीड़िता ने किसी तरह खुद को चंगुल से छुड़ाया और मदद के लिए शोर मचाया। जाते समय आरोपी पति ने धमकी दी कि 'अगर आइंदा पैसे देने से मना किया, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।' लसूड़िया पुलिस ने मयूरी की शिकायत पर आरोपी गौरव दुबे के खिलाफ घरेलू हिंसा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## खतरों का खिलाड़ी...न खुद की जान की चिंता और न ही दूसरों की



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में ट्राफिक पुलिस भले ही एक दिन में एक स्थान पर मुहिम चलाकर ढाई हजार चालान बना रही है, लेकिन ट्राफिक की अव्यवस्था में मैजिक का नाम हमेशा लिया जाता है, इन मैजिक चालकों को ट्राफिक पुलिस की कार्रवाई का कोई डर नहीं है। आज तीन इमली से देवगुराडिया जाने वाले मार्ग पर गुजर रही मैजिक पर एक युवक लटका हुआ है, मैजिक के ऊपर भी सामान रखा हुआ है। लटकने वाला युवक खुद की जान से भी खेल रहा है, वहीं इससे दूसरों की जान को भी खतरा हो सकता है।

# मां-बेटे पर ईंट और पत्थरों से हमला

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी इलाके में आपसी रंजिश के चलते मारपीट का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ पुराने विवाद को लेकर तीन बदमाशों ने एक नाबालिग लड़के और उसकी मां को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। आरोपियों ने नाबालिग के सिर पर पत्थर से वार किया और बीच-बचाव करने आई उसकी मां पर भी ईंट व डंडों से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना शिव नगर मूसाखेड़ी की है। फरियादी चेतन (16) पिता संजू देवड़ा, निवासी आलोक नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जय, राहुल और मुकेश के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। चेतन ने बताया कि जब वह शिव नगर पहुंचा, तो वहां मौजूद तीनों आरोपियों ने उसे देखते ही पुराने विवाद की बात निकालते हुए गालियां देना शुरू कर दिया।जब चेतन ने गाली देने का विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने पत्थर फेंककर मारा, जो सीधे चेतन के सिर में लगा, जिससे खून बहने लगा। शोर सुनकर जब उसकी मां सपना उसे बचाने के लिए दौड़ी, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। बदमाशों ने सपना के साथ भी मारपीट की और ईंट व डंडे मारकर उन्हें घायल कर दिया। हमला करने के बाद आरोपियों ने धमकी दी कि यदि वह दोबारा इस इलाके में दिखा या 'तेज चला' तो उसे जान से खत्म कर देंगे।आजाद नगर पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## युवक फांसी पर झूला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना भावना नगर की है, जहाँ मोहित पिता दीपक आर्य ने अपने घर में अज्ञात कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठाते हुए जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मोहित ने यह कदम किन कारणों से उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। भंवरकुआं पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों के बयान दर्ज करना शुरू कर दिए हैं।

## हरसिद्धि मंदिर के पास से 1.10 लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंढरीनाथ थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सवा लाख रुपये के करीब कीमत की ब्राउन शुगर बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई देर रात हरसिद्धि मंदिर के पीछे से लगे आम रोड क्षेत्र में की गई। पंढरीनाथ पुलिस की टीम संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी, तभी एक युवक पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की।पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू जला के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 11 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जब्त की गई इस ड्रग्स की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये है।



# प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष...कई जगह उत्सव

## पलासिया चौराहा पर सजा राम दरबार

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दो वर्ष पूर्व 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में हुई थी। इसका पूरे देशभर में उत्सव मनाया गया था। आज दो वर्ष प्राण प्रतिष्ठा के हो गए है। आज शहर में कई जगह उत्सव मनाए जा रहे है। कहीं मंदिरों में विशेष श्रृंगार तो कहीं प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है, कीर्तन भी किए जा रहे है। पलासिया चौराहा पर नीरज याज्ञनिक द्वारा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। शाम को भगवान श्रीराम का विशेष श्रृंगार दर्शन होंगे, कीर्तन भी किए जाएंगे और प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी होगा।

# बीआरटीएस पर डिवाइडर बनाने का आज होगा भूमिपूजन

## अब निगम शुरू करेगा तेजी से डिवाइडर बनाना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बीआरटीएस के कॉरिडोर पर रोड डिवाइडर बनाने के काम का आज भूमि पूजन किया जाएगा। किसके साथ ही निगम तेज गति के साथ डिवाइडर बनाने का काम शुरू करेगा।**

बीआरटीएस के कॉरिडोर को तोड़ना नगर निगम के गले की हड्डी बन गया है। इस कॉरिडोर को तोड़ने का काम पूरा अभी तक नहीं हो पाया है। इस कॉरिडोर पर बने हुए 19 बस स्टॉप नगर निगम के लिए मुश्किल का कारण बन रहे हैं। निगम यह नहीं समझ पा रहा है कि इन बस स्टॉप को आखिर किस तरह से तुड़वाया जाए। कोई भी ठेकेदार इस बस स्टॉप को तोड़ने का काम करने के लिए तैयार नहीं है। ठेकेदारों का कहना है कि जिस काम के लिए नगर निगम जितने पैसे लेना चाहता है उतने पैसे में यह काम करना घाटे का सौदा है।

अभी चाहे इस कॉरिडोर पर बने हुए बस स्टॉप नहीं टूट पा रहे हो। इसी बीच नगर निगम के द्वारा इस कॉरिडोर पर रोड डिवाइडर बनाने का काम शुरू करने की पहल कर दी है। निगम ने वैसे ही 12 किलोमीटर के इस मार्ग को तीन हिस्से में बताते हुए डिवाइडर बनाने का काम का ठेका अलग-अलग फर्म को दे दिया है। अब नगर निगम के द्वारा डिवाइडर के निर्माण का कार्य शुरू करवाया जा रहा है। इसके लिए आज दोपहर में 3:30 बजे सी-21मॉल के सामने डिवाइडर के निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा। यह भूमि पूजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव करेंगे।

### 11 महीने हो गए फैसला हुए

बीआरटीएस के कॉरिडोर को हटाने का राज्य सरकार के द्वारा फैसला लिए हुए 11 महीने का समय बीत चुका है। इतने बड़े समय में नगर निगम इस कॉरिडोर को हटाने जैसा काम भी नहीं कर सका है। भोपाल नगर निगम ने भोपाल बीआरटीएस के कॉरिडोर को हटाने का फैसला होने के 3 महीने के अंदर न केवल पूरा कॉरिडोर हटा दिया था बल्कि डिवाइडर बनाकर पूरी सड़क को भी व्यवस्थित कर दिया था। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि कार्य करने में रुचि और क्षमता इंदौर नगर निगम या फिर भोपाल नगर निगम के पास।

# सड़क खोदो और 6 माह के लिए वैसी ही छोड़ दो शहर में हर तरफ खुदाई से परेशान आम आदमी

## शहर के सामाजिक कार्यकर्ता बोले आखिरकार कब तक खुदता रहेगा यह शहर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर का हर नागरिक इस समय ट्रैफिक जाम और सड़कों की खुदाई से परेशान है। शहर की 80% सड़कें फिलहाल खुदी हुई है जिन्हें खोद कर पटक दिया गया है और 6 महीने बाद इनमें भराव करने की बात या समतल करने का काम होना है लेकिन एक बार सड़क खोदने के बाद फिर उसे समतल करने या भरने की सुध निगम अधिकारियों को नहीं रहती। शहर में कई सड़के ऐसी है जो लाइन डालने के लिए खोद दी गई थी, लेकिन 3 साल बाद भी सड़क पर पैचवर्क या रेस्टोरेशन का काम नहीं किया गया है। जिन एजेंसियों को खुदाई या लाइनें डालने काम दिया जाता वे लाइनें डाल कर हाथों- हाथ अपना भुगतान पूरा करवा लेती है। इसके बाद नगर निगम मिट्टी सेटल होने के लिए सड़कों को 6 माह तक वैसे ही हालत में पटक देता है और जिनकी जिम्मेदारी रेस्टोरेशन एवं पैच वर्क की होती है वे पीछे मुड़कर फिर नहीं देखती।

जिसकी सजा बाद में यहां से गुज-रने वाले हजारों वाहन चालक भुगतते है और परेशान होते रहते हैं। किसी का एक्सीडेंट होता है तो कोई गड्ढे में गाड़ी के दचकों से कमर का दर्द ले लेता है। नगर निगम द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं लेकिन खुद ही हुई सड़क को तत्काल ठीक करने के लिए कोई नवाचार नहीं किया जा रहा सामाजिक कार्यकर्ता अतुल सेठ का का कहना कि लाइन डालने के लिए जो



सड़के खोद दी गई है उनसे जन्मे गड्ढे लोगों को एक्सीडेंट और बीमारियां दे रहे है। 50 साल से अधिक वालों को स्लिप डिस्क की बीमारी नगर निगम ने दी है। इसके अलावा इन गड्ढों से उड़ने वाली धूल ने इस शहर की हवा को दूषित बना दिया है। कई गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं।

1. नगर निगम की लापरवाही दो उदाहरण से समझी जा सकती है पहली रसोमा चोराहे से मेदांता रोड होते हुए रिंग रोड से मिलने वाली सड़क पर 2 साल पहले लाइने डाली गई थी उसके बावजूद भी सड़के अब तक खुली पड़ी हुई है।
2. स्कीम नंबर 94 सर्विस रोड की नई सड़क 25 दिन भी नहीं चली। इसको स्टार्म वाटर लाइनों के लिए खोद दिया गया।
3. ताजा मामला श्रम शिविर के सामने सड़क की खुदाई की जा रही है। एमआर-9 सड़क को बीते एक साल से खोदा जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि वहीं शहर में सड़के खुद हुई है और नगर निगम को पैचवर्क करने के लिए कोई एजेंसी नहीं मिल रही है। पिछले 1 साल से नगर निगम में कोई ठेकेदार काम करने के लिए तैयार नहीं है। अधिकारी फाइल दबाए बैठे रहते हैं और कमीशन की डिमांड करते हैं इसीलिए ठेकेदार काम नहीं करना चाह-ते। वही मामले में नगर निगम अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि पैचवर्क के 4 पैकेज एमआईसी बैठक में स्वीकृत किए गए हैं जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे इसके बाद सड़क सुधारने का काम शुरू होगा।

# पूरे इंदौर के ट्यूबवेल का क्लोरीफिकेशन करने के निर्देश

## हर ट्यूबवेल में क्लोरीन डालकर पानी की शुद्धता को सुनिश्चित करें

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर नगर निगम के द्वारा पूरे इंदौर में सभी ट्यूबवेल का क्लोरीफिकेशन करने के निर्देश दिए गए हैं। हर ट्यूबवेल में क्लोरीन डालकर पानी की शुद्धता को सुनिश्चित किया जाएगा।**

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा सीटी बस सभाकक्ष में जलप्रदाय, सीवरेज विभाग एवं जलापूर्ति से संबंधित विषयों को लेकर झोनवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिंघल द्वारा शहर में जल आपूर्ति, जल निकासी व्यवस्था, ट्यूबवेलों के क्लोरीनीकरण, स्वच्छ जल अभियान, जल सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की झोनवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्येक झोन की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित एवं संवेदनशील प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त दूषित पानी, पानी नहीं आने, कम दबाव से जलापूर्ति एवं पाइप लाइन लीकेज से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से फील्ड में रहकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें तथा शिकायत सुने और उन समस्या का निराकरण करें। प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिन क्षेत्रों में समस्या के स्थायी समाधान हेतु अतिरिक्त संसाधन, मरम्मत अथवा नए कार्यों की आवश्यकता है, वहां तत्काल प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किए जाएं, जिससे समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण हो सके। सिंघल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल अथवा बोरिंग का क्लोरीनीकरण कार्य अभी भी शेष है, उसे तत्काल पूर्ण किया जाए। सभी बोरिंग में एक बार पुनः क्लोरीनीकरण का कार्य रिपीट करवाया जाए, ताकि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें।

# जनवरी के शेष माह में ढाई लाख बकायादारों से सम्पर्क करेगा विद्युत मंडल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा समाधान योजना अंतर्गत अधिकतम छूट लाभ जनवरी अंत तक देने के लिए महा अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत 31 जनवरी के शेष दिनों में ढाई लाख से ज्यादा बकायादारों से संपर्क कर कम से कम एक लाख को समाधान योजना में पंजीकृत कर रियायत का लाभ दिया जाएगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के आदेश पर 9 अभियंताओं को इंदौर, उज्जैन, रतलाम समेत विभिन्न जिलों में समाधान योजना अंतर्गत 10 हजार से ज्यादा के बकायादारों से मोबाइल पर संपर्क कर योजना से पंजीयन कर भुगतान करने व निर्धारित अधिकतम छूट जनवरी अंत तक प्राप्त करने के लिए नामित किया गया है। 9 अभियंता सभी जिलों, वृत्तों, जोन, वितरण केंद्र के प्रभारियों से संपर्क कर समाधान योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। जनवरी के शेष दिनों में समाधान योजना क्रियान्वयन की दैनिक समीक्षा होगी। दैनिक रूप से प्रत्येक जिले में हजारों बकायादार, पात्र उपभोक्ताओं से सघन संपर्क किया जाएगा। पश्चिम मप्र में समाधान योजना अंतर्गत तीन माह या अधिक समय के पात्र बकायादारों में से अब तक 4 लाख 64 हजार को लाभान्वित किया गया है। करीब 18.70 करोड़ की छूट प्रदान की गई है। बिजली कंपनी को योजना अंतर्गत 117 करोड़ रूपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हो चुका है। एक मुश्त भुगतान पर सरचार्ज शत प्रतिशत माफ हो रहा है, वहीं किश्तों में भुगतान पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज छूट रहेगी।




# जनहित के साथ आया अभ्यास मंडल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एमजी रोड स्थित रानी सराय और इंडियन कॉफी हाऊस में मेट्रो परियोजना को लेकर पेड़ काटे जाना है। जनहित पार्टी द्वारा लगातार 21 दिनों से पेड़ बचाओ मुद्दे पर धरना दिया जा रहा है, कल धरना पर साथ देने अभ्यास मंडल के पदाधिकारी और सदस्य भी पहुंचे थे और सभी का यह कहना था पर्यावरण की कीमत पर पेड़ नहीं काटने दिए जाएंगे। समर्थन का नेतृत्व डॉ. ओपी जोशी, रामेश्वर गुप्ता, डॉ. मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे ने किया।

# सोना-चांदी की चमक और सरकार की जिम्मेदारी...

सोना और चांदी भारतीय अर्थव्यवस्था में केवल धातुएं नहीं, बल्कि भरोसे, परंपरा और निवेश का प्रतीक रहे हैं। लेकिन बीते कुछ समय से इनके बढ़ते भाव अब सिर्फ समृद्धि का संकेत नहीं, बल्कि चिंता की घंटी बनते जा रहे हैं। सवाल यह नहीं कि कीमतें क्यों बढ़ रही हैं, सवाल यह है कि इस बेकाबू होती चमक का खामियाजा आखिर कौन भुगत रहा है ,आम आदमी या सिर्फ बाजार?

वैश्विक अनिश्चितता, युद्ध, महंगाई और ब्याज दरों की उठापटक ने सोने-चांदी को एक बार फिर सुरक्षित निवेश का दर्जा दिला दिया है। वहीं देश के भीतर रुपये की कमजोरी, शेयर बाजार की अस्थिरता और पारंपरिक सोच ने मांग को और हवा दी है। यह सब स्वाभाविक कारण हैं। लेकिन इन कारणों की आड़ में अगर सट्टेब-ाजी, बड़े फंड्स की मुनाफाखोरी और अफवाहों का खेल कीमतों को जरूरत से ज्यादा ऊपर ले जाए, तो सरकार की चुप्पी सवालों के घेरे में आ जाती है।

कीमती धातुओं का बाजार पूरी तरह वैश्विक है, इसलिए सरकार के लिए सीधा मूल्य नियंत्रण न तो संभव है और न ही उचित। लेकिन इसका यह अर्थ भी नहीं कि बाजार को बेलगाम छोड़ दिया जाए। जब आम परिवार के लिए शादी-ब्याह का सोना सपना बन जाए, छोटे ज्वेलर्स का कारोबार ठप होने लगे और निवेशक डर के माहौल में फैसले लेने को मजबूर हों तो यह सिर्फ बाजार का नहीं, नीति का भी विषय बन जाता है।

सरकार और नियामक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे सट्टेबाजी और फ्यूचर्स ट्रेडिंग पर सख्त निगरानी रखें। बड़े खिलाड़ियों द्वारा कीमतों को कृत्रिम रूप से प्रभावित करने की आशंका को हल्के में नहीं लिया जा सकता। साथ ही आयात नीति, टैक्स स्ट्रक्चर और डिजिटल गोल्ड जैसे नए माध्यमों पर स्पष्ट और संतुलित नियम समय की मांग हैं।

लंबी अवधि में समाधान आयात निर्भरता घटाने, गोल्ड रिसाइक्लिंग और मॉनिटाइजेशन योजनाओं को प्रभावी बनाने में है। इससे न सिर्फ विदेशी मुद्रा पर दबाव कम होगा, बल्कि बाजार में स्थिरता भी आएगी। सबसे अहम बात सरकार को निवेशकों और उपभोक्ताओं को यह संदेश देना होगा कि सोना-चांदी त्वरित मुनाफे का साधन नहीं, बल्कि संतुलित निवेश का हिस्सा हैं।

अंततः सोने-चांदी की मौजूदा तेजी को न तो पूरी तरह साजिश कहकर खारिज किया जा सकता है, न ही इसे केवल बाजार की मजबूरी बताकर छोड़ा जा सकता है। जरूरत है संतुलित हस्तक्षेप की जहां बाजार की स्वायत्तता बनी रहे, लेकिन आम आदमी की जेब और भरोसे की रक्षा भी सुनिश्चित हो। क्योंकि अगर चमक ही आंखें चौंधिया दे, तो अर्थव्यवस्था की राह धुंधली हो जाती है।

**आलेख -अक्षय जैन इंदौर**

# सिंधी समाजजनों ने निकाली मशाल यात्रा

## वीर शहीद के लिए गुंजाए नारे



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

भारतीय सिंधु सभा के युवा शाखा के अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी ने बताया कि कल वीर शहीद हेमू कालानी का बलिदान दिवस मनाते हुए कल शाम सिंधी कॉलोनी चौराहे से शहीद हेमू कालानी प्रतिमा कलेक्टर तिराहा तक मशाल यात्रा निकालकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं भारत माताजी की आरती एवं 83 दीपो से प्रतिमा को सजाकर दीपांजली का आयोजन किया गया। माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस दौरान पंकज फतेहचंदानी, नरेश फुंदवानी, अजय शिवानी, रवि भाटिया, जय काकवानी, नीलेश सेवकानी, तुषार गोरखा, सागर गोरखा सहित अन्य मौजूद थे।

## रामदेव बाबा का श्रृंगार और आज शाम प्रसादी



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सराफा और बर्तन बाजार के बीच स्थित धानगली में बाबा रामदेव का मंदिर है। वहां संस्था स्वप्रेरणा नवयुवक मंडल ने आज बाबा का विशेष श्रृंगार किया और आज शाम प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। यह आयोजन आज रामलला मंदिर अयोध्या की प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर किया जा रहा है।

# ड्रेनेज का पानी सड़कों पर हारून कालोनी के रहवासी परेशान





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना की हारून कालोनी के रहवासी ड्रेनेज के गंदे पानी से परेशान हैं। सालों से बेक लाइन खुली पड़ी है, इसका गंदा पानी सड़कों पर आ रहा है। रहवासियों को गंभीर बीमारी का खतरा है। स्थानीय पार्षद से कई बार शिकायत की गई, लेकिन ऐसा लगता है कि वो कालोनी को दूसरा भागीरथपुरा बनाना चाहते है। शिकायतों के पार्षद कार्यालय से कोई जवाब नही मिलता। बारिश में हालात और भी ज्यादा खराब हो जाते है। रहवासियों को आने-जाने में तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बताते है कि यहां पिछले कई सालों से एक ही पार्षद का राज है, इसके बावजूद उन्होंने कभी इस परेशानी की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।

## 15 घरेलु गैस सिलेंडर जब्त

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रशासन के खाद्य विभाग ने दयालु नगर, खुड़ैल स्थित एक रहवासी भवन में वाहनों में एलपीजी गैस अंतरण की सूचना के बाद वहां अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। घरेलू गैस सिलेंडर वहां से 15 नग जब्त किए गए। एक गैस सिलेंडर पर इलेक्ट्रानिक मोटर लगाकर गैस अंतरण किया जा रहा था। इनमें 12 सिलेंडर भरे हुए थे और 3 सिलेंडर खाली थे। मकान मालिक हुसैन के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई और सामग्री भी जब्त की गई।



## विद्या दीपोत्सव का आयोजन करेंगे जैन समाजजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्या सागर महामुनिराज को याद कर 27 जनवरी को जैन समाजजन अलग-अलग मंदिरों में आयोजन करेंगे। उस दिन शाम को एक दीप-गुरु समीप का आयोजन भी किया जाएगा। राजेश जैन ने बताया कि विद्या दीपोत्सव पर्व मनाए। दीप प्रज्ज्वलन कर समर्पण भावना दिखाए।

## ब्राह्मण महिलाएं कल करेंगी हल्दी-कुमकुम और भजन का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री सनाढ्य ब्राह्मण समाज की महिला मंडल द्वारा कल बसंत पंचमी पर दोपहर 2.30 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर चंद्रभागा, जुनी इंदौर में सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मातृशक्तियों द्वारा हल्दी कुमकुम एवं भजन, गेम का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन से सुधा सुरेश शर्मा, मंजू संजय शर्मा, पूजा गजेन्द्र शर्मा, ज्योति राजेंद्र शर्मा, रानी अवध नारायण शर्मा, प्रीति दुबे, कृष्णा बालकृष्ण शर्मा, रक्षा मनोज उदैनिया, अंजू इंद्रदमन बिरथरे, प्रीति मुगदल, नेहा शर्मा, अमृता शर्मा, नेहा शर्मा, रवीना कपिल उपाध्याय, कविता पचोरी, सपना अमरीश पाराशर, सौम्या सपन दांतरे, सुनैना देवेंद्र शर्मा, रानू जयदीप दुबे, टीना भारत शर्मा, हेमलता योगेन्द्र पंचोली, स्वाति अमित बिरथरे, मंजू शर्मा, गायत्री वीरेन्द्र शर्मा, दीपिका अंकुर तिवारी, विनिषा नीरज शर्मा, उमा पाराशर, श्वेता गौरव शर्मा जुड़ी हुई है। गौरव शर्मा, जगदीश पचौरी ने उक्त जानकारी दी।

## वाहन के साथ देशी शराब जब्त

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आबकारी टीम ने गश्त के दौरान शंका के आधार पर एक जुपिटर दोपहिया वाहन (क्रमांक एमपी-09 यूझेड 4635) को रोकने का प्रयास किया। आबकारी टीम को देख वाहन चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे थैलों से 3 गत्ते की पेटियाँ बरामद हुईं। जिसमें से देशी मदिरा प्लेन के 100 पाव (18 बल्क लीटर), देशी मदिरा मसाला के 50 पाव (09 बल्क लीटर) सहित कुल 27 बल्क लीटर अवैध शराब एवं जुपिटर वाहन को जब्त किया गया। जब्त मदिरा एवं दोपहिया वाहन की कुल अनुमानित कीमत एक लाख दो हजार 750 रुपये के करीब है। आबकारी विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विभाग द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।



## राम का कविता पाठ होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हिन्दी साहित्य समिति में 1 फरवरी को कार्तिकेय त्रिपाठी 'राम' के गीत और कविता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गीत और कविता का रचना पाठ होगा। उक्त जानकारी जितेन्द्र शिवहरे ने दी।



## पर्यावरण उन्नयन कार्यक्रम

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर एवं वन विभाग, दतुनी फायरिंग रेंज पर संयुक्त पर्यावरण उन्नयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। 82 एकड़ भूमि को पर्यावरणीय दृष्टि से उन्नत करने के उद्देश्य से औषधीय, फलदार एवं छायादार वृक्षों से आच्छादित किए जाने हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जनक पलटा, जानी दुआ एवं अधिकारी पीएम मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, लाल सुधाकर, अनिलकुमार वर्मा, नीति राजेश दंडोतिया ने अपनी भूमिका निभाई। हरियाली का संकल्प भी लिया गया।

## साइबर हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षण





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हर थाना स्तर पर साइबर अपराधों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु, साइबर हेल्प डेस्क संचालित की जा रही है। इसके लिए हर थाना के पुलिसकार्मियों को विशेष साइबर ट्रेनिंग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। हर थाना स्तर पर पीड़ित को साइबर अपराध से मुक्ति मिले उसका समाधान हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। साइबर एक्सपर्ट द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए पुलिस कमिश्नर कार्यालय में हर थाना स्तर के पुलिस कर्मियों को बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। इनमें से आरक्षण से लेकर उपनिरीक्षण स्तर के 80 पुलिस कर्मियों के लिए एक दिवसीय साइबर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह के अलावा वरिष्ठ अमित सिंह, आरके सिंह, राजेश दंडोतिया और साइबर एक्सपर्ट अक्षयकुमार जाधव, सन्नी वाधवानी की मौजूदगी रही।

## धर्मालु प्रभावती वैष्णव का निधन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के मध्य बर्तन बाजार के समीप नगारची बाखल स्थित पिपलेश्वर महादेव - श्रीराम मंदिर से जुड़ी रही धर्मालु प्रभावती वैष्णव का निधन हो गया। वे समाजसेवी और ज्वेलर्स हेमंत वैष्णव एवं मनोज वैष्णव की माता थी। शवयात्रा आज सुबह नगारची निवास से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में समाजजन, रहवासी और श्रद्धालु ने मुक्तिधाम पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।




# देहली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देहली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने रीगल तिराहा पर आयोजित झंडा ऊंचा रहे अभियान में राष्ट्रीय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने देशभक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता से संबंधित होर्डिंग्स और बैनर भी लगाए। इस पहल की वहाँ उपस्थित लोगों ने सराहना की। मार्गदर्शक इनायत हुसैन कुरैशी ने कहा कि स्क्रीन समय कम कर परिवार में अपना समय व्यतीत कर राष्ट्रीय भावना बनाए रखने का संदेश दिया। प्राचार्या श्रुति चिंचवड़कर ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

## सेन्टर पर नेत्र परीक्षण शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कनाडिया रोड स्थित केबीसी हेल्थ सेंटर, मोर्या हिल्स पर पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में शनिवार 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। अरबिंदो हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञों और उनके सहायकों की टीम द्वारा नेत्र परीक्षण के पश्चात चयनित मरीजों को निशुल्क चश्मे भी दिए जाएँगे और चयनित मरीजों के ऑपरेशन अरबिंदो हॉस्पिटल में किए जाएँगे।



## ग्रामोदय से अभ्युदय योजना पर व्याख्यान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म प्र जनअभियान परिषद् की नवांकुर संस्था श्री निखिलेश्वर सेवा समिति द्वारा सेक्टर बुराना खेड़ी में ग्रामोदय से अभ्युदय योजना व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्रीति शर्मा, सुमन महानंद, मुकेश चौधरी मौजूद थे।






## नाटक में समझाया आस्था और अंधविश्वास में फर्क

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान के अंतर्गत बुधवार को नाटक बाल भगवान का मंचन किया गया। नाटक समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड और झूठे चमत्कारों पर केन्द्रित था। स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. द्वारा अभिनव कला समाज में आयोजित नाटक बाल भगवान की कहानी एक ऐसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे चमत्कारी बताकर बाल भगवान का रूप दे दिया जाता है।




# रंगोली कलाकार शर्मा को कलावंत सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

साहित्यिक एवम् सामाजिक संस्था नई क़लम ने रंगोली कलाकार प्राची शर्मा को कलावंत सम्मान से सम्मानित किया। ऐश्वर्या दास का शैक्षणिक एवं बाल कवि विराज सोलंकी का भी सम्मान किया गया। काव्य गोष्ठी में विराज सोलंकी, श्रुति मुखिया, प्रेम सागर, जितेन्द्र जुगनु, एल. एन. पुरोहित, सुनील सिपाही, राखी जैन, निधि शर्मा, मनीषा व्यास, विनोद विनम्र ने काव्यपाठ किया। बालकराम साद, हेमंत व्यास, कीर्ति मेहता, जितेन्द्र राज, ऐश्वर्या दास ने अपनी भूमिका निभाई।

## गुमाश्ता नगर जैन मंदिर का ध्वजारोहण होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर गुमाश्ता नगर का ध्वजा रोहण महोत्सव 25 जनवरी को संतों के सानिध्य में पूजा एवं श्री संघ का स्वामीवात्सल्य भी आयोजित किया जाएगा। ध्वज जुलूस सुबह साधु, भगवंत की निश्रा में नाकोड़ा जैन मंदिर से निकाला जाएगा। दोपहर में पंचकल्याणक पूजन होगा। आयोजन से भूपेन्द्र जैन, सुरेन्द्र छाजेड, सुधीर सेठिया, मोहित जैन, रोहित जैन, अभय कटारिया, अमृतलाल जैन, संजय जैन जुडे है। श्री पारसनाथ पंचकल्याणक पूजन नाकोड़ा महिला मंडल व बहु मंडल द्वारा कार्यक्रम में भागीदारी की जाएगी।

# जेडआरयूसीसी के लिए तरुण व्यास चुने गए



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रतलाम रेलवे मंडल में रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्रि समिति क़ी बैठक कल आयोजित हुई थी। इस बैठक में डीआरयूसीसी सदस्यों की मौजूदगी में झेडआरयूसीसी के लिए सदस्य का चयन किया जाना था। जहां वोटिंग भी हुई इन्दौर के तरुण व्यास ने ब्रजेश खंडेलवाल को पराजित किया। अब व्यास मंडल रेल के साथ ही क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मुम्बई का सदस्य चुने गए है। वहीं बैठक में सांसद प्रतिनिधि और सलाहकार समिति के विशाल गिदवानी ने भी मुद्दे उठाए। वहीं तरुण व्यास, शैलेष गर्ग, अजीतसिंह नारंग द्वारा मुद्दे उठाए गए।

# समग्र जैन समाज का सामूहिक ध्वजारोहण का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन के तत्वावधान में सोमवार, 26 जनवरी को प्रातः 9.20 पर राजबाड़ा, इंदौर के मुख्य द्वार के पास ध्वजारोहण का आयोजन किया जाएगा। समग्र जैन समाजजन मौजूद रहेंगे। वीरेन्द्र नाहर, किरण सिरोलिया, अरिहंत जैन ने बताया कि समग्र जैन समाज का सामूहिक ध्वजारोहण का आयोजन हो रहा है जिसको लेकर समाज में उत्साह का वातावरण बना है। दीपक जैन टीनू, केतन जैन, प्रतीक सूर्या, प्रखर मेहता, मयंक डोसी, मनाल सुराणा, आयुष जैन, दिलीप डोसी, शीतल कटकानी, श्रेयांस गांग, सुमित नाहर,अजय पोरवाल,पराग जैन, विवेक जैन, अखिल जैन, सार्थक जैन, इशू नाहर, आशय संचेती, हनी जैन मौजूद रहेंगे।

## बच्चों को बिस्किट व चॉकलेट वितरित



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मां काली आशा गौरी महिला मंडल द्वारा गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष में बस्ती के बच्चों को चॉकलेट व बिस्किट वितरित किए गए। उक्त जानकारी रश्मि प्रदीप शर्मा ने दी।

# ब्राह्मण सेवा संगठन ने दिया बप्पा को निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** ब्राह्मण सेवा संगठन द्वारा 19 फरवरी को 15 जोडों का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को लेकर पहला निमंत्रण भगवान गणेश खजराना को दिया गया। सत्येन्द्र शर्मा, नीलाभ सुगंधी, अटल शर्मा, अशोक शर्मा, विजय जोशी, विशाल शर्मा, जितेन्द्र व्यास, मुकेश शर्मा, सुनील उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण भार्गव, राजेंद्र दुबे, सन्नी शर्मा, गजेन्द्र शर्मा, राहुल शर्मा एवं मनोज शर्मा, संगीता शर्मा, मोनिका दुबे, ममता शर्मा, पूजा सन्नी शर्मा, संतोष शर्मा, विजयलक्ष्मी कौशिक, सीमा शर्मा, संध्या शर्मा, पूजा मिश्रा, सुनिता पाठक, सीमा ओझा, आरती मिश्रा, पूजा शर्मा, ममता जोशी, प्रिया शर्मा, निक्की शर्मा, निधि पाठक, मंजू शर्मा, ज्योति शर्मा, राजेन्द्र शर्मा मौजूद थे।






# टेलेंट हंट का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रोटरैक्ट मंडल, रोटरैक्ट क्लब ऑफ इंदौर सिटी यंग लीडर्स ने रोटरैक्ट टेलेंट हंट का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दी। अभिनव सिंह कौरव ने प्रस्तुति दी, जिसे सबने सराहा। इस अवसर पर उदिता राजकोटिया सिंह, गौतम शर्मा, किशन गांधी, प्रणव अग्रवाल, दुश्यंत सिंह भदौरिया, लभांशी भार्गव ने अपनी भूमिका निभाई।

# दिनभर में कितना पसीना बहाना बेहद जरूरी

**मेहनत** करने या गर्मी के मौसम में अक्सर लोगों को पसीना निकलता है। चलिए आपको बताते हैं कि इससे कौन सी बीमारी नहीं होती है और कब यह खतरनाक हो जाता है।

पसीना आना शरीर की एक बेहद जरूरी प्रक्रिया है, जो शरीर के तापमान को नियंत्रित करने और सेहत बनाए रखने में मदद करती है। अक्सर ज्यादा पसीना आने पर लोग चिंता करने लगते हैं, लेकिन यह समझना भी उतना ही जरूरी है कि सामान्य पसीना कितना होता है और कब यह सेहत का संकेत देता है। पसीना ग्लैंड्स से निकलने वाला नमक-युक्त तरल होता है, जो त्वचा से वाष्पित होकर शरीर को ठंडा करता है। कितना पसीना आएगा, यह कई बातों पर निर्भर करता है, जैसे फिजिकल एक्टिविटी, मौसम, तनाव का स्तर और व्यक्ति की शारीरिक बनावट। चलिए आपको बताते हैं कि इससे किन बीमारियों से राहत मिलती है।

### पसीना क्यों आता है?

पसीना आना, जिसे परसीपिरेशन भी कहा जाता है, शरीर का तापमान संतुलित रखने का तरीका है। जब शरीर के अंदर या बाहर का तापमान बढ़ता है, तो ऑटोनॉमिक नर्वस सिस्टम पसीना ग्लैंड्स को सक्रिय करता है। ये ग्लैंड्स त्वचा के जरिए तरल छोड़ती हैं और जब यह तरल सूखता है, तो शरीर ठंडा होने लगता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक रिसर्च के अनुसार, पसीना आने की मात्रा हर व्यक्ति में अलग होती है और एक ही व्यक्ति में अलग-अलग दिनों में यह बदल सकती है। खासकर एंड्योरेंस ट्रेनिंग करने वाले एथलीट्स में एक्सरसाइज की तीव्रता, मौसम और शारीरिक स्थितियों के कारण दिनभर में निकलने वाले पसीने की मात्रा में काफी फर्क देखा गया है। इसी वजह से हाइड्रेशन और तरल पदार्थों की सही पूर्ति बेहद जरूरी मानी जाती है।

पसीने में ज्यादातर पानी होता है, जबकि करीब एक प्रतिशत हिस्सा नमक और फैट का होता है। गर्म मौसम या शारीरिक मेहनत के दौरान शरीर को ठंडा रखने के लिए यह प्रक्रिया बेहद जरूरी होती है। इसके अलावा चिंता, तनाव या घबराहट जैसी भावनाएं भी पसीना बढ़ा सकती हैं।

### कितना पसीना सामान्य माना जाता है?

पसीने की सामान्य मात्रा हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकती है।आमतौर पर एक स्वस्थ वयस्क व्यक्ति सामान्य परिस्थितियों में



दिनभर में लगभग 0.5 से 2 लीटर तक पसीना निकाल सकता है। पसीना इन स्थितियों में ज्यादा आता है गर्मी या ज्यादा नमी वाले मौसम में, शारीरिक मेहनत या एक्सरसाइज के दौरान, मानसिक तनाव या घबराहट में, मसालेदार खाना, कैफीन या शराब लेने पर, और हार्मोनल बदलाव जैसे मेनोपॉज के समय। इसके अलावा मेटाबॉलिज्म, फिटनेस लेवल और जेनेटिक कारणों से भी पसीने की मात्रा प्रभावित होती है।

### कब पसीना जरूरत से ज्यादा हो जाता है?

जरूरत से ज्यादा पसीना आना हाइपरहाइड्रोसिस कहलाता है। इसमें पसीना शरीर को ठंडा रखने की जरूरत से ज्यादा निकलता है। इसके लक्षणों में बिना मेहनत या गर्मी के पसीना आना, सिर्फ हथेलियों, पैरों या बगल जैसे हिस्सों में ज्यादा पसीना आना, रोजमर्रा के कामों में परेशानी और पसीने वाले हिस्सों में बार-बार स्किन इंफेक्शन शामिल हैं। हाइपरहाइड्रोसिस दो तरह का हो सकता है। प्राइमरी हाइपरहाइड्रोसिस में पसीना ग्रंथियां ज्यादा सक्रिय हो जाती हैं, जबकि सेकेंडरी हाइपरहाइड्रोसिस डायबिटीज, थायरॉइड, इंफेक्शन, मेनोपॉज या कुछ दवाओं के कारण हो सकता है।

### कम पसीना आना भी हो सकता है खतरनाक?

पसीना कम आना या बिल्कुल न आना, जिसे हाइपोहाइड्रोसिस कहा जाता है, भी जोखिम भरा हो सकता है। जब शरीर पर्याप्त पसीना नहीं निकाल पाता, तो वह ठीक से ठंडा नहीं हो पाता, जिससे हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। अगर गर्मी या एक्सरसाइज के बावजूद पसीना न आए, चक्कर, बेहोशी या गर्मी सहन न होने जैसी दिक्कतें हों, तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

# कपास विक्रय हेतु 7 दिवस के लिए खोले जाएंगे स्लॉट

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कृषि उपज मण्डी समिति खरगोन ने समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया है कि भारतीय कपास निगम (सी.सी.आई.), खरगोन द्वारा वर्तमान में कपास खरीदी प्रतिदिन के स्लॉट बुकिंग के माध्यम से की जा रही है। खरगोन मंडी के किसानों को स्लॉट बुकिंग में हो रही परेशानियों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सी.सी.आई. के वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया गया है। मण्डी सचिव शर्मिला निनामा ने बताया कि 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे से आगामी 2 फरवरी एवं 3 फरवरी के लिये तथा दिनांक 9 फरवरी से 13 फरवरी तक के लिए कुल 7 दिवस के लिये सी.सी.आई. को कपास विक्रय हेतु भारतीय कपास निगम द्वारा स्लॉट खोले जा रहे है। मंडी प्रशासन ने कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि सी.सी.आई. को कपास विक्रय हेतु 2 फरवरी व 3 फरवरी तथा 09 फरवरी से 13 फरवरी तक कुल 7 दिवस के लिये अपना स्लॉट बुकिंग कर नियत दिनांक को कपास विक्रय हेतु जिले की मंडी समितियों मे लावें। 4 फरवरी से लेकर 6 फरवरी तक मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का कार्यक्रम होने से मंडी निलामी कार्य बंद रहेगा।



# अंडे का यह हिस्सा हड्डियों को देता है भरपूर ताकत

**अंडा** खाना हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, हालांकि लोग इसके छिलके को फेंक देते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि यह कितना फायदेमंद होता है हमारे लिए। अंडा हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, इसी कारण लोग इसको खूब खाते हैं और छिलका उतार कर फेंक देते हैं। लेकिन अंडे का छिलका कैल्शियम का सबसे सस्ता और असरदार प्राकृतिक स्रोत माना जाता है। जहां ज्यादातर लोग इसे कचरे में फेंक देते हैं, वहीं सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो यह हड्डियों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। बाजार में रेडीमेड एगशेल पाउडर भी मिलता है, वहीं इसे घर पर भी तैयार किया जा सकता है। चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं।

**अंडे का छिलका आखिर होता क्या है?-** अंडे का छिलका दरअसल अंडे की बाहरी सख्त परत होती है, जो ज्यादातर कैल्शियम कार्बोनेट से बनी होती है। इसके अलावा इसमें थोड़ी मात्रा में प्रोटीन और अन्य मिनरल्स भी पाए जाते हैं। कैल्शियम वही मिनरल है जो हड्डियों और दांतों की मजबूती के लिए सबसे जरूरी माना जाता है। रिसर्च के मुताबिक, मुर्गी के अंडे का छिलका करीब 40 फीसदी कैल्शियम से बना होता यानी सिर्फ एक ग्राम अंडे के छिलके से अच्छी खासी मात्रा में कैल्शियम मिल सकता है।

**कैल्शियम सप्लीमेंट के तौर पर कितना असरदार?-** इ्लंश् ग्हीं् ्ल्गे में प्रकाशित एक रिसर्च के मुताबिक,अंडे के छिलके में मौजूद कैल्शियम कार्बोनेट वही फॉर्म है, जो ज्यादातर कैल्शियम सप्लीमेंट में इस्तेमाल होता है। स्टडीज में पाया गया है कि एगशेल पाउडर शरीर में उतनी ही अच्छी तरह एब्ज़ॉर्ब होता है, जितना सामान्य कैल्शियम सप्लीमेंट। कुछ रिसर्च तो यह भी बताती हैं कि अंडे के छिलके से मिलने वाला कैल्शियम, शुद्ध कैल्शियम कार्बोनेट सप्लीमेंट की तुलना में बेहतर तरीके से शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है, इसकी वजह छिलके में मौजूद कुछ प्राकृतिक प्रोटीन और कंपाउंड माने जाते हैं। कैल्शियम के अलावा अंडे के छिलके में मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, स्ट्रॉन्शियम और सेलेनियम जैसे मिनरल्स भी होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती में सहायक भूमिका निभाते हैं।

**ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा भी कर सकता है कम-** पींट्र्त्ग्हा के अनुसार यह ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम कर सकता है। ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है, बढ़ती उम्र इसके सबसे बड़े कारणों में से एक है, लेकिन लंबे समय तक कैल्शियम की कमी भी इसे बढ़ावा दे सकती है। कुछ स्टडी में पाया गया है कि पोस्टमेनोपॉजल महिलाओं में अंडे के छिलके से बना कैल्शियम, विटामिन ॐ और मैग्नीशियम के साथ लेने पर बोन मिनरल डेंसिटी बेहतर हुई। वहीं कुछ मामलों में यह सामान्य कैल्शियम सप्लीमेंट से ज्यादा असरदार साबित हुआ।

# वजन उठाने से नहीं बनती है बॉडी

**ज्यादातर** लोग मानते हैं कि मसल्स बनाने के लिए सिर्फ जिम में वजन उठाना ही बहुत होता है, लेकिन सच यह है कि सही डाइट इसके पीछे सबसे बड़ा रोल निभाती है। वर्कआउट के साथ-साथ पूरे दिन में क्या खाते हैं इसका सीधा असर मसल्स की ग्रोथ और रिकवरी पर पड़ता है। वहीं प्रोटीन, हेल्दी फैट, सही कार्ब्स और जरूरी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स मसल्स बनाने के प्रोसेस को तेज करते हैं। ऐसे में चलिए अब आपको बताते हैं कि मसल्स के लिए कौन से 7 पावरफुल फूड्स जरूरी होते हैं।

## मसल्स के लिए जरूरी है ये 7 पावरफुल फूड्स

चिकन को ब्रेस्ट मसल्स बनाने के लिए सबसे अच्छा फूड माना जाता है। इसमें फैट कम और प्रोटीन ज्यादा होता है। वहीं सिर्फ 3 औंस चिकन में 26 से 31 ग्राम तक प्रोटीन होता है। इसे ग्रिल, बेक या स्टिर फ्राई करके वर्कआउट से पहले या बाद में खाया जा सकता है। चिकन को ब्राउन राइस या शकरकंद के साथ लेने से एनर्जी और रिकवरी भी सही होती है।

ग्रीक योगर्ट में व्हे और कैसीन दोनों तरह का प्रोटीन होता है, जिससे मसल्स को लंबे समय तक अमीनो एसिड मिलते रहते हैं। इसमें सामान्य दही की तुलना में लगभग दोगुना प्रोटीन होता है। वहीं



वर्कआउट के बाद या सोने से पहले इसे खाना ज्यादा फायदेमंद होता है। स्वाद के लिए इसमें फल, नट्स या फिर थोड़ा शहद मिला सकते हैं।

वहीं अंडे भी मसल्स के लिए जरूरी सभी अमीनो एसिड देते हैं। इनमें विटामिन बी12, विटामिन डी और हेल्दी फैट भी होते हैं जो एक्सरसाइज के बाद रिकवरी में मदद करते हैं। पूरे अंडे खाना ज्यादा फायदेमंद होता है, क्योंकि जर्दी में मौजूद पोषक तत्व प्रोटीन के सही इस्तेमाल में मदद करते हैं।

इसके अलावा सैल्मन सिर्फ प्रोटीन ही नहीं बल्कि ओमेगा-3 फैटी एसिड से भी भरपूर होता है। यह सूजन कम करता है और मसल्स की रिकवरी तेज करता है। रिसर्च के अनुसार ओमेगा-3 मसल प्रोटीन सिंथेसिस को बेहतर बनाता है। इसे हफ्ते में कभी-कभी लंच या डिनर में शामिल किया जा सकता है।

मसल्स के लिए आप क्विनोआ को भी डाइट में शामिल कर सकते हैं। क्विनोआ एक ऐसा प्लांट प्रोटीन है, जिसमें सभी 9 जरूरी अमीनो एसिड होते हैं। इसके अलावा इसमें फाइबर, आयरन और मैग्नीशियम भी होता है, जो मसल्स के फंक्शन और एनर्जी को बेहतर बनाते हैं। वहीं पनीर में कैसीन प्रोटीन होता है, जो धीरे-धीरे पचता है और लंबे समय तक मसल्स को पोषण देता है। यही वजह है कि इसे रात में खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। पनीर को करी, सलाद या ग्रिल करके आसानी से डाइट में शामिल किया जा सकता है।

नट्स और सीड्स में प्रोटीन, हेल्दी फैट और मैग्नीशियम होता है, जो मसल्स और नर्व फंक्शन के लिए जरूरी होता है। यह सीधे तौर पर ज्यादा प्रोटीन नहीं देते, लेकिन शरीर को जरूरी पोषक तत्व देते हैं। इन्हें स्नैक्स के तौर पर खाया जा सकता है।

वर्कआउट के 30 से 90 मिनट के अंदर प्रोटीन और कार्ब्स लेना भी जरूरी होता है। चिकन, सैल्मन या ग्रीक योगर्ट को क्विनोआ या शकरकंद के साथ लेने से रिकवरी अच्छी होती है।

## संपादकीय

# दिल्ली में इलाज से पहले मौत क्या देश की राजधानी में आपात स्वास्थ्य व्यवस्था फेल हो रही है?

यह अक्सर देखने में आता है कि अगर कहीं सड़क पर दुर्घटना हो जाए या फिर घर पर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए, तो एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है। प्राथमिक उपचार के इंतजार में कई बार मरीज की जान चली जाती है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपचार की किफायती और सुलभ सुविधाएं मनुष्य की बुनियादी जरूरत है। इनमें चिकित्सक की उपलब्धता, समय पर सस्ते दामों में दवाएं मुहैया कराना और आपातकालीन देखभाल शामिल हैं, ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित रहे। अगर व्यवस्था में इन जरूरी सुविधाओं का अभाव हो, तो विकास के दावों का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। देश की राजधानी दिल्ली की एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। दिल्ली सरकार की जन्म और मृत्यु पंजीकरण पर वार्षिक रपट के मुताबिक, वर्ष 2024 में राष्ट्रीय राजधानी में एक लाख उनचालीस हजार से अधिक लोगों की मौत हुई, जिनमें से 34.84 फीसद लोगों की मौत घर पर ही हुई। सवाल है कि आज के दौर में जब लोग मामूली तकलीफ होने पर भी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करते हैं, तो ऐसी क्या वजह है कि इतनी बड़ी संख्या में मौत घर पर ही हो जाती है? जाहिर है, इसके पीछे स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव और आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता समय पर न मिलना भी एक बड़ा कारण हो सकता है। इस बात पर गौर करना जरूरी है कि आने वाले दिनों में भारत के दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच अगर चिकित्सा सहायता न मिलने से लोगों की जान जा रही है, तो यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। हैरत की बात है कि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का दम भरने वाली दिल्ली के लोग स्वास्थ्य को लेकर आपात परिस्थिति में खुद को असहाय महसूस करते हैं। यह अक्सर देखने में आता है कि अगर कहीं सड़क पर दुर्घटना हो जाए या फिर घर पर किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाए, तो एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती है। प्राथमिक उपचार के इंतजार में कई बार मरीज की जान चली जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि किसी मरीज को अस्पताल में बिस्तर खाली नहीं होने की वजह से भर्ती नहीं किया गया, घर वापस आने पर उसकी मौत हो गई। हालांकि, कुछ मामलों में लोगों में जागरूकता की कमी भी एक कारण हो सकता है।

# दो दिन बाद बढ़ सकती है ठंड

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं, अभी जहां मौसम सामान्य रूप से गर्म है। इस मामले में मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि आज और कल दोपहर तक कभी-कभी बदली बनेगी, लेकिन मावठे की बरसात की संभावना कम है और कभी बदली से बूंदाबांदी कुछ जगह पर हो भी सकती है, जिसकी संभावना कम है, लेकिन जम्मू कश्मीर में बर्फबारी और दिल्ली व प्रदेश के ग्वालियर सहित 10 जिलों में मावठे की बरसात की संभावना को देखते हुए। 24 जनवरी से ठंड बढ़ने की संभावना रहेगी। प्रदेश में कुछ जगह मावठा और कश्मीर की बर्फ का असर ठंड के रूप में इंदौर में देखा जा सकेगा। पश्चिमी विक्षोभ और स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण मौसम बदल सकता है।

# युवती का पीछा कर छेड़छाड़

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक 22 वर्षीय युवती को डराने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल युवती का पीछा किया, बल्कि विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

घटना प्रजापत नगर स्थित गुरुद्वारे के पास की है। यहाँ रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी नितेश थौराट पिछले कुछ समय से उसका पीछा कर रहा था। घटना वाले दिन आरोपी ने युवती को रोका और 'फोन देखने' के बहाने उससे जबरन बात करने की कोशिश की। जब युवती ने उसे झिड़क दिया और बात करने से मना किया, तो आरोपी आपा खो बैठा। उसने सरेराह युवती को अश्लील गालियां दीं और धमकी दी कि यदि उसने बात नहीं मानी तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। द्वारकापुरी पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी नितेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर। नशे के विरुद्ध जारी धरपकड़ के बीच राऊ थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने देर रात घेराबंदी कर एक तस्कर को अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 11 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत बताई जा रही है।**

पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई रात करीब 11:55 बजे की गई। राऊ पुलिस की टीम गोल चौराहा ब्रिज के नीचे संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर घबराने लगा और भागने की कोशिश की। संदेह होने पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा।पकड़े गए आरोपी की पहचान अकिल खान निवासी राम रहीम कॉलोनी, राऊ के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो उसके पास से 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। राऊ पुलिस ने आरोपी अकिल खान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह नशा कहाँ से लाया था और क्षेत्र में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाला था।

# कृषि महाविद्यालय के समीप पेड़ों की छंटाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** एमवाय अस्पताल से पिपलियाहाना जाने वाले मार्ग पर कृषि कॉलेज के आसपास आज सुबह नगर निगम द्वारा पेड़ों की कटाई छंटाई का काम किया जा रहा है। बिजली के तारों पर आने वाली डगालों को काटा गया।



# बाल विवाह रोकथाम को लेकर कन्ट्रोल रूम और दल

**इंदौर. सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** महिला एवं बाल विकास विभाग इंदौर द्वारा बाल विवाह के रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। बाल विवाह रोकने के लिए जिला स्तरीय दल भी गठित किया गया है और कन्ट्रोल रूम भी बनाया गया है। दो दलों में नौ सदस्यी भी शामिल किए गए हैं, जो शिकायतों का तत्परता से निराकरण कर कार्रवाई करेंगे। खासतौर से यह तैयारी कल बसंत पंचमी पर होने वाले सामूहिक एवं अन्य विवाह आयोजन के लिए की गई है। कभी-कभी बाल विवाह होने की आशंका रहती है और कन्ट्रोल रूम में इस बाल विवाह को लेकर आम लोग भी 0731-2360181 पर सूचना दे सकते हैं।

# रैपिडो चालक पर चाकू से हमला

## एक्टिवा सवार बदमाश पीछे से वार कर हुआ फरार

इंदौर।व्यस्ततम पलासिया चौराहे पर बीती रात बेखौफ बदमाशों ने एक रैपिडो चालक को अपना निशाना बनाया। एक्टिवा पर सवार होकर आए एक अज्ञात बदमाश ने रैपिडो चालक पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस के मुताबिक, घायल युवक की पहचान अब्दुल वाहिद निवासी ओल्ड राजमोहल्ला के रूप में हुई है। अब्दुल पेशे से रैपिडो चालक है और रात में अपनी ड्यूटी पर था। जब वह पलासिया चौराहे से गुजर रहा था, तभी पीछे से एक्टिवा सवार एक अज्ञात बदमाश आया और बिना किसी विवाद या बातचीत के अब्दुल की पीठ पर चाकू से वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। हमला करने के बाद बदमाश तेजी से अपनी गाड़ी भगा ले गया।

# 95 साल के पति का निधन, रोते-रोते पत्नी ने भी तोड़ा दम

**समस्तीपुर.एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर जिले में 95 वर्षीय पति की मौत के कुछ ही घंटों बाद उनकी 90 वर्षीय पत्नी ने भी रोते-रोते प्राण त्याग दिए। इसके बाद गांव में दोनों की एक साथ गाजे-बाजे के साथ शव यात्रा निकाली गई।

# बड़े जमींदार की गला काटकर हत्या

**फतेहपुर.एजेंसी।** उप्र के फतेहपुर में बीती रात एक बड़े जमींदार की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक जयराज मान सिंह प्रदेश के पूर्व सचिव के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जयराज शहर में सैकड़ों बीघा बेशकीमती जमीन के मालिक थे। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है।

# खुद की बाइक फिसली और जिम जा रहे युवक को पीट दिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**इंदौर।राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में सड़क पर बाइक फिसलने जैसी मामूली बात को लेकर तीन बदमाशों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। हैरानी की बात यह है कि आरोपी खुद अपनी गलती या असंतुलन से गिरे थे, लेकिन इसका दोष उन्होंने जिम जा रहे युवक पर मढ़ दिया और उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।**

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, घटना गत रात करीब 10 बजे विज्ञान नगर सर्विस रोड पर हुई। सूर्यदेव नगर निवासी निखिल पिता राहुल इंगले अपनी बाइक से जिम जा रहे थे। जैसे ही निखिल ने विज्ञान नगर सर्विस रोड पर टर्न लिया, तभी एक अन्य बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों की गाड़ी अनियंत्रित होकर फिसल गई। खुद गिरने के बाद आरोपियों ने निखिल को रोक लिया और चिल्लाते हुए बोले'तेरी वजह से हम गिर गए।'जब निखिल ने उनकी गाली-गलौज का विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने निखिल को उनकी ही बाइक पर बैठाकर जमकर पीटना शुरू कर दिया। हमले से घबराकर निखिल जान बचाने के लिए बाइक से कूदकर भागे, जिससे वे सड़क पर फिसल गए। गिरने के कारण निखिल के दोनों घुटनों, हाथों और चेहरे पर गंभीर रगड़ और चोटें आई हैं। निखिल को लहूलुहान और घायल अवस्था में देखकर आरोपी वहां से अपनी बाइक उठाकर भाग निकले। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि 'अगर आइंदा हमारे सामने आया तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।' पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 153700 | 151300 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 313000 | 320000 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# अभिषेक बने भारत के नए सिक्सर किंग



**नागपुर।** बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभानल्लाह...ये कहावत रोहित शर्मा और अभिषेक शर्मा पर पूरी तरह फिट बैठती है। बड़े शर्मा यानी रोहित शर्मा को हम तूफानी बल्लेबाज के रूप में जानते हैं, लेकिन छोटे शर्मा यानी अभिषेक शर्मा उनसे भी ज्यादा तबाही बल्लेबाज

## रोहित का रिकॉर्ड हो गया ध्वस्त

हैं। यही कारण है कि उन्होंने छोटे से करियर में रोहित शर्मा का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है और वह भारत के नए सिक्सर किंग बन गए हैं।

अभिषेक शर्मा ने बुधवार 21 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 35 गेंदों में 84 रन बनाए, जिसमें चौकों से ज्यादा छक्के शामिल थे। 5 चौके और 8 छक्के उनकी पारी में देखने को मिले। स्ट्राइक रेट अभिषेक शर्मा का 240 का था। अभिषेक शर्मा ने पहली या दूसरी बार नहीं, बल्कि चौथी बार एक पारी में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 8 या इससे ज्यादा छक्के जड़े और यह रिकॉर्ड बन गया है।

भारत के लिए अभिषेक शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने 4 या इससे ज्यादा बार एक टी20 इंटरनेशनल मैच में 8 या इससे ज्यादा छक्के नहीं जड़े। अभी तक ये रिकॉर्ड हिटमैन रोहित शर्मा के नाम था, जिस पर संयुक्त रूप से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन का कब्जा था, लेकिन बाएं हाथ का ये तूफानी ओपनर सबसे आगे निकल गया है। लिस्ट में चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव और पांचवें नंबर पर केएल राहुल का नाम शामिल है।

तेज गति से रन बनाने के लिहाज से देखा जाए तो हिटमैन से भी आगे अभिषेक शर्मा हैं, क्योंकि वे अक्सर अपनी पारी की शुरुआत चौके या छक्के से करते हैं। उनको अभी इंटरनेशनल क्रिकेट में आए 2 साल भी नहीं हुए हैं, लेकिन तमाम रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने धराशायी कर दिए हैं। संजू सैमसन के साथ उनकी जोड़ी बहुत खतरनाक नजर आती है। दोनों अब साथ में टी20 विश्व कप भी खेलने वाले हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के रिटायरमेंट के बाद से ही उनकी जोड़ी तूफान मचाए हुए है।

### टी20आई में भारत के लिए सबसे ज्यादा पारियों में 8 या इससे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

- 4 - अभिषेक शर्मा
- 3 - रोहित शर्मा
- 3 - संजू सैमसन
- 2 - सूर्यकुमार यादव
- 1 - केएल राहुल

## मुझ पर प्रेशर था, क्योंकि मैं टीम से अंदर-बाहर हो रहा था: रिंकू

**नागपुर।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में रिंकू सिंह ने तूफानी पारी खेली। रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में डेरिल मिचेल को निशाना बनाया और एक फिनिशर की भूमिका को अच्छी तरह से निभाया। रिंकू सिंह ने मैच के बाद कहा कि उनके ऊपर इस बात का दबाव था कि वे अंदर-बाहर हो रहे थे। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले की सीरीजों में वे ड्रॉप किए गए थे, क्योंकि कॉम्बिनेशन अच्छा नहीं बन रहा था, लेकिन जैसे ही शुभमन गिल को बाहर किया गया तो पूरा बैलेंस टीम में बन गया और फिनिशर रिंकू सिंह की एंट्री भी हो गई और उन्होंने पहले ही मैच में 20 गेंदों में तूफानी 44 रनों की पारी खेलकर अपने सिलेक्शन को सही साबित भी किया। रिंकू सिंह ने मैच के बाद अपनी पारी को लेकर कहा, मुझ पर प्रेशर था, क्योंकि मैं टीम से अंदर-बाहर हो रहा था। प्लान था कि सिंगल्स, डबल्स लूं और बीच में बाउंड्री मारूं। साथ ही आखिर तक टिककर मैच खत्म करूं। मैंने वही किया। जीजी सर (गौतम गंभीर) ने मुझे इंटेंट बनाए रखने को कहा।' रिंकू सिंह से एक कैच भी छूट गया, जिसको लेकर उन्होंने कोई बहाना नहीं बनाया और कहा, यहां लाइट्स से कोई दिक्कत नहीं थी।

# अक्षर को पहले मैच में लगी चोट, अंगुली से निकला खून

**नागपुर।** भारतीय टीम ने बुधवार को न्यूजीलैंड को पहले मुकाबले में 48 रन हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 238 रनों का विशाल स्कोर बनाया, जिसका पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 190 रन ही बना सकी। मैच के दौरान अक्षर पटेल की चोट ने सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की टेंशन बढ़ा दी है। भारत पहले ही तिलक वर्मा और वॉशिंगटन सुन्दर की इंजरी से परेशान है, ऐसे में एक और खिलाड़ी का गंभीर रूप से चोटिल होना टीम के लिए अच्छी खबर नहीं है। अक्षर पटेल बल्ले से कमाल नहीं दिखा और वहीं गेंदबाजी में भी महंगे साबित हुए।

न्यूजीलैंड की पारी के 16वें ओवर में ऑलराउंडर अक्षर पटेल को चोट लगी। ओवर की तीसरी गेंद पर डेरिल मिचेल ने सीधा शॉट लगाया, जिसे रोकने के प्रयास में गेंद अक्षर पटेल की अंगुली में आकर लगी। अक्षर पटेल काफी दर्द में दिखे और बिना ओवर खत्म किए मैदान से बाहर चले गए। अभिषेक शर्मा ने अक्षर पटेल का ओवर पूरा किया। अक्षर पटेल न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम के उपकप्तान हैं और वह आगामी टी20 विश्व कप में भी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे।

अक्षर पटेल भारत के टी20 टीम के प्रमुख सदस्य हैं। उन्होंने पिछले साल न केवल गेंद से बल्कि बल्ले से भी टीम इंडिया के लिए अहम योगदान दिया। अक्षर पटेल एशिया कप 2025 की विजेता टीम का हिस्सा रहे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उन्होंने अपनी किफायती गेंदबाजी (4 ओवर में मात्र 18 रन देकर 2 विकेट) के लिए 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता। साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के दौरान अक्षर पटेल बीमार हो गए और इस वजह से अंतिम दो मैचों से बाहर हो गए थे।

वॉशिंगटन वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे के दौरान साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। वह टी20 सीरीज से बाहर हैं, जबकि वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रोइन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

# हार के बाद कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा भारतीय बल्लेबाजों को रोकना नामुमकिन




**नागपुर।** न्यूजीलैंड की टीम को नागपुर में खेले गए पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में टीम इंडिया के खिलाफ 48 रनों से करारी हार मिली। इस हार के बाद न्यूजीलैंड की टीम के कप्तान का बयान सामने आया है। कप्तान मिचेल सैंटनर ने हार का कारण बताया है और साथ में कहा है कि भारतीय बल्लेबाजों को रोकना नामुमकिन है, क्योंकि वे पहली गेंद से ही आक्रामक हो जाते हैं। भारतीय टीम ने 238 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में कीवी टीम 190 रनों तक पहुंच पाई और मुकाबला बुरी तरह हार गई।

पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में मिचेल सैंटनर ने कहा, हां, मुझे लगता है कि आप हमेशा आगे देखते हैं, जाहिर है, जैसा आपने कहा, आप गेम जीतना चाहते हैं। यह हमारे लिए एक अच्छा मौका था। घर पर एक बहुत अच्छी टीम के खिलाफ खेलना। हम यह जानते थे। पिछले दो सालों का उनका रिकॉर्ड शानदार है। यह हमारे लिए एक अच्छा गेम था, लेकिन टीम इंडिया ने बहुत अच्छा खेला। मिचेल सैंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों को लेकर कहा, इन बल्लेबाजों को धीमा करने का एकमात्र तरीका विकेट लेना है।

**इस गेम में न्यूजीलैंड के लिए पॉजिटिव बातें क्या रहीं?** इस पर सैंटनर ने कहा, मुझे लगता है ग्लेन फिलिप्स की पारी, मार्क चैपमैन की पारी, खासकर तब जब, आप जानते हैं, आप दो विकेट जल्दी खो देते हैं। मुझे लगता है कि अच्छी सतहों पर अगर आप खुद को थोड़ा समय देते हैं, तो आप मैच में आ सकते हैं, मुझे लगता है कि पूरी पारी में हम पर दबाव था। इस टीम के साथ कुछ डॉट्स मोमेंट्स लेने की कोई असली कोशिश नहीं है, आपको इसे जीतने के लिए बस पहली गेंद से ही खेलना होगा। इस मैच में अभिषेक शर्मा ने 35 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली।

## शशि थरूर ने कर दी भारतीय कोच की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर को कांग्रेस सांसद शशि थरूर का समर्थन मिला है। थरूर ने गंभीर की जमकर तारीफ की और उनके काम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सबसे ज्यादा कठिन बताया। खास बात है कि कांग्रेस सांसद की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब गंभीर न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज गंवाने के बाद आलोचकों के निशाने पर आ गए थे। थरूर ने एक्स पर लिखा, नागपुर में पुराने दोस्त गौतम गंभीर के साथ खुलकर और अच्छी बात हुई, जो भारत के प्रधानमंत्री के बाद सबसे मुश्किल काम करने वाले इंसान हैं। लाखों लोग रोज उनके फैसलों पर सवाल उठाते हैं, लेकिन वह शांत रहते हैं और बगैर डरे आगे बढ़ते हैं। उनकी शांत दृढ़ता और नेतृत्व तारीफ के काबिल हैं। उन्हें सभी सफलताओं के लिए शुभकामनाएं। थरूर ने गंभीर के लिए यह संदेश बुधवार को संपन्न हुए टी20 मैच के पहले लिखा था। खास बात है कि सीरीज के पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रनों के अंतर से हरा दिया है।

# खेलो एम पी यूथ गेम्स इंदौर जिला जूडो टीम घोषित

**इंदौर।** जिला जुडो एसोसिएशन द्वारा खेलो एम पी यूथ गेम्स के तहत इंदौर जिला जुड़ो प्रतियोगिता संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्य प्रदेश द्वारा प्रेषित मार्गदर्शिका के निर्देशित नियमानुसार एमराल्ड हाइट्स स्कूल में आयोजित कर संपन्न की गई जिसके की विजेता जुडोकास 27 से 30 जनवरी तक राज्य खेलो एमपी यूथ गेम्स सागर में इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे इनकी सूची निम्नलिखित है। बालिका वर्ग में प्रियांशी सोनी, सुरभि खंडेलवाल, नियति शर्मा,अदिति यादव, राघवी खंडेलवाल, जयश्री खंडेलवाल, शैली गुप्ता ने अपने-अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में दक्ष अग्रवाल, वरुण यादव, रेहान खान, रितिक घोसी, आतुर खान, अल्तमश खान, मोहम्मद आफ़ान, मोहम्मद परवेज ने सफलता अर्जित की। सचिव नरेश टटवाडे ने बताया कि इन सभी विजेता जुडोका टीम को इंदौर जिला जुड़ो एसोसिएशन द्वारा डॉक्टर पूर्णिमा बीसे, मेहमूद खान के निर्देशन में जसलीन सिंह, माहरुख खान तथा श्रद्धा सोनी टीम प्रस्थान तक नेहरू स्टेडियम हाल में प्रशिक्षण देंगे।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री कड़वा प्रसाद शोभाराम** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर नया 130 पुराना नं. 183-2/ए प्रजापत नगर इन्दौर पिन नं. 1001214246 सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **मुबशहराह पिता मो. शफीक** वार्ड क्र. 56 पता 54-1 स्नेहलतागंज 301 तुषार अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 03 राजस्व विभाग पर पिन नं. 10000885261 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री धीर पिता श्री दीपक गोयल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं.2000421063 पता 8 ए रवीन्द्रनाथ टैगोर मार्ग 401 सिल्वर मॉल इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# रूपेश-शशिकला सबसे तेज धावक, वीरेंद्र ने भी पाया पहला स्थान



**इंदौर।** पीएमबी गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन हुआ। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम सहित कई प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। क्रिकेट स्पर्धा के मैचेस अभी जारी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश माहेश्वरी और खेल प्रभारी डॉ. संजय भावसार ने बताया कि महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स में 50 मीटर दौड़ के बॉयज वर्ग में रूपेश कौशल विनर रहे। लवित जैन दूसरे स्थान पर और जयसिंह चंद्रावत तीसरे स्थान पर रहे। 50 मीटर गर्ल्स वर्ग की दौड़ शशिकला चौहान ने जीती। प्राची सलावत दूसरे स्थान पर और महक पाचानी तीसरे स्थान पर रही। 100 मीटर बॉयज में रूपेश कौशल प्रथम, लवित जैन द्वितीय व रोहन आर्य तृतीय और गर्ल्स में शशिकला चौहान प्रथम, अंशी पटेल द्वितीय व प्राची सलावत तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में बॉयज में वीरेन्द्र देवड़ा प्रथम, जयसिंह चंद्रावत द्वितीय व मोहित साहू तृतीय रहे।

बैडमिंटन बॉयज में लवित जैन विजेता और प्रतीक कुशवाह उपविजेता और गर्ल्स में प्रकृति सैनी विजेता और शशिकला चौहान उपविजेता रही। डबल्स मैचेस में बॉयज में लवित जैन व तिलक पाटोद की जोड़ी विजेता और प्रतीक विश्वकर्मा व गिलक्रिस्ट डावर उपविजेता और गर्ल्स में प्राची सलावट व शशिकला चौहान की जोड़ी विजेता और वैष्णवी कुशवाह व प्रणिका रघुवंशी उपविजेता रही। कैरम में बॉयज में सावन धनगर विजेता और आयुष दुबे उपविजेता और गर्ल्स में भूमि परसेंधिया विजेता और कली चौधरी उपविजेता रही।

प्रतियोगिताओं के दौरान गवर्निंग बॉडी चेयरमेन निलेशभाई तुरखिया, एचओडी डॉ. मिलिन्द्र कोठारी, पीआरओ डॉ. निलेश गंगवाल सहित विभिन्न प्रोफेसर उपस्थित रहे। विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## सिद्धार्थ की घातक गेंदबाजी से जय गिरनारी क्लब की रोमांचक जीत

**इन्दौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत जय गिरनारी क्लब एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें जय गिरनारी ने पहले खेलते हुए 40 ओवरो में सभी विकेट खोकर 106 रन बनाये । रूद्राक्ष नागोरी ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। लक्ष्य लोधवाल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट वं रचित शर्मा ने 3 विकेट लिए । जवाब में एसवीसीए की टीम 21 ओवरो में सभी विकेट खोकर 83 रन ही बना पाई और यह मैच 21 रनों के मामूली अंतर से हार गई। सिद्धार्थ मिश्रा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर 5 विकेट एवं शौर्य यादव ने 2 विकेट लिए।



**श्रीराम स्पोर्ट्स की आसान जीत-** इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोटस एवं एमकेसीसी के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 36 ओवरो में सभी विकेट खोकर 104 रन बनाये । कोई भी बल्लेबाज उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं कर सका । शिवम जोशी ने 3 किवेट एवं इजान व मुकेश ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोॅटस की टीम ने 20 ओवरो में 2 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनकार यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । यश शुक्ला ने 45 रन एवं भव्य गोठी ने नाबाद 28 रन बनाये।

## स्वरा, आशिकी, निकुंज यश को सफलता



**इंदौर।** इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा द एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में खेली जा रही इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में द्वितीय दिन खेले गए मुकाबले में बालिका वर्ग में नंदनी चौहान, ध्वनि पाटीदार, नित्या तिवारी, नव्या चौरसिया, कशिश सोनवाल, अग्न्या शर्मा, आशिकी जुनेजा, ईशान्य सक्सेना, स्वरा चौगुले ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वहीं बालक वर्ग में निकुंज सैनी, समर डोके, यश गायकवाड, अगमदीप रीन, विवान अमरेश, हर्षिल चौधरी, आहिल अंसारी, हिमांश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य निशा अहमद, खेल अधिकारी संजय मिश्रा एवं अध्यक्ष प्रशांत महंत व सचिव विकास सिमरैया ने बधाई दी।

# प्रेशर के बावजूद हमने शानदार बैटिंग की: कप्तान सूर्या

**नागपुर।** सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने बुधवार को नागपुर के वीसीए स्टेडियम में पहला टी20 मुकाबला 48 रनों से अपने नाम किया। भारत ने 238/7 का स्कोर बनाया और न्यूजीलैंड को 190/7 पर रोक दिया। यह टी20 इंटरनेशनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा टोटल है। मेजबान टीम ने रिकॉर्ड स्कोर तब बनाया, जब उसके शुरुआती तीन ओवर में 27 रन पर दो अहम विकेट गिर गए थे। ऐसे में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 35 गेंदों में 84 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें पांच चौके और 8 छक्के हैं। उन्होंने सूर्यकुमार के साथ तीसरे विकेट के लिए 99 रनों की पार्टनरशिप की। लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्या थोड़े अच्छे टच में दिखे। उन्होंने 22 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 32 रनों का योगदान दिया। जानिए, पहला मुकबला जीतने के बाद भारतीय कप्तान ने क्या कुछ कहा?

**टीम इंडिया नहीं बदलने वाली ये फॉर्मूला-** सूर्या ने नागपुर में जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि जब हम बड़ा खड़ा स्कोर खड़ा करते हैं और ओस के समय डिफेंड करते हैं तो यह एक बड़ी सकारात्मक बात है। पावरप्ले में प्रेशर के बावजूद हमने शानदार बैटिंग की। टीम इंडिया आठ बल्लेबाज और तीन स्ट्राइक बॉलर के फॉर्मूला पर ही आगे बढ़ेगी। कप्तान ने यह कंफर्म किया। उन्होंने कहा, यह अच्छा लग रहा है। टीम के लिए यह कॉम्बिनेशन काम कर रहा है। इसे जारी रखेंगे। कप्तान ने अपनी बैटिंग पर कहा, जब मैं बल्लेबाजी करने गया तो मुझे अच्छा महसूस हो रहा था। मेरे लिए बैटिंग करने का सही समय था। अच्छी प्रेशर सिचुएशन थी। मैं उस सिचुएशन में बैटिंग कर रहा था। और जैसा कि मैंने पहले भी बोला कि मैं नेट्स में अच्छी बैटिंग करता रहा हूं। मैं पिछले 2-3 हफ्तों से बहुत अच्छी प्रैक्टिस कर रहा हूं। मैं नेट सेशन के दौरान भी ऐसा ही करता हूँ। कुछ प्रैक्टिस गेम भी खेले।




**अभिषेक को इस चीज का फल मिल रहा-** भारतीय कप्तान ने शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक की तारीफ करते हुए कहा कि युवा ओपनर को छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने का फल मिल रहा है। 25 वर्षीय बल्लेबाज प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सूर्या ने कहा, ''वह गेम में कैसे बैटिंग करता है, सिर्फ यही बात नहीं है। वह जिस तरह से तैयारी करता, जिस तरह से खुद को संभालता है। जब वह होटल में होता है, टीम बस में होता है तो कई चीजें हैं। मुझे लगता है कि वे सभी छोटी-छोटी चीज़ों पर ध्यान देता और यह मैदान पर दिखती हैं। अभिषेक को उसका फल मिल रहा है। हालांकि, सूर्या को लगता है कि टीम को फील्डिंग में और सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''ओस काफी थी और लाइट्स भी थी। मैं अपने फील्डर्स को सपोर्ट करता हूं। हालांकि, यह एक डिपार्टमेंट है, जिसमें सुधार की जरूरत है। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो हम हमेशा सुधार करने की कोशिश करते हैं। इसलिए लड़कों की एफर्ट से बहुत खुश हूं।''

## इंदौर वाण्डरर्स व हातोद की टीमें जीती

**इन्दौर।** मालवा कला अकादमी द्वारा पालदा में जिला स्तरीय इनामी कबड्डी स्पर्धा का रंगारंग आगाज हुआ। स्पर्धा के पहले दिन ही हजारों की तादाद में दर्शक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुंचे थे और कड़कड़ाती ठंड के बीच देर रात तक रोचक मुकाबले देखने के लिए डटे रहे।

तीन इमली चौराहे पर बनाए गए अस्थायी स्टेडियम में खेले गए पुरुष वर्ग के मुकाबलों में हातोद क्लब ने महाराणा प्रताप क्लब को 27-25 से, विक्रम स्पोर्ट्स ने कंपेल क्लब को 32-11 से, इन्दौर जोन ने कमतपुरा को 23-09 से, लक्की वाण्डरर्स ने वीरभगत सिंह क्लब को 35-21 से पराजित किया। महिला वर्ग में पहले दौर के मुकाबले में संस्था वैष्णवी ने इंदौर क्लब को 25-19 से, लक्की वाण्डरर्स ने संस्था वैष्णवी को 25-23 से, इंदौर वाण्डरर्स ने महाराणा प्रताप एकेडमी को 25-21 से, रामचंद्र पांडे एकेडमी ने लक्की स्टोपेज क्लब को 20-18 से हराया।

# शरण्या ने बढ़ाया इंदौर का गौरव

**इंदौर।** मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता शरण्या राठौर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश, समाज एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन करते हुए एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

14-15 जनवरी को गैलेक्सी मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में शरण्या राठौर ने विभिन्न योग स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में विश्व के 13 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहां शरण्या ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं योग साधना का प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक, आर्टिस्टिक योग स्पर्धा में कांस्य पदक एवं पारंपरिक योग स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त कर शरण्या ने अंतराष्ट्रीय मंच पर भारत की गौरवशाली उपस्थिति दर्ज कराई। इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपने देश और विद्यालय का प्रतिनिधित्व करना शरण्या के लिए सम्मान की बात रही। उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास, समर्पण, अनुशासन एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार एवं विद्यालय, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम अत्यंत उत्साहित एवं आभारी हैं तथा शरण्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह आगे भी योग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूते हुए देश का नाम रोशन करती रहेंगी।



# पिता लौटे तो फंदे पर झूलती मिली बेटी...

## तबीयत खराब होने का कहकर घर रुकी थी, शाम को फंदे पर मिली लाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**बाणगंगा थाना क्षेत्र के भगत सिंह नगर में एक 19 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतिका अपने माता-पिता के साथ शुक्ला के निवास पर काम करती थी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे मौत के कारणों पर रहस्य बना हुआ है।**

पुलिस के मुताबिक मृतिका नेहा पिता रवि यादव (19) कल तबीयत ठीक नहीं होने की बात कहकर काम पर नहीं गई थी। जबकि उसकी मां विधायक के बंगले पर और पिता विधायक के फार्म हाउस पर काम करने चले गए थे। शाम को जब पिता



काम खत्म कर घर लौटे, तो नेहा ने दरवाजा नहीं खोला। काफी मशक्कत के बाद जब परिजन अंदर पहुंचे, तो बेटी को फंदे पर लटका पाया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस और एसीपी रुबीना मिजवानी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। नेहा की दो बड़ी बहनें भी हैं। फिलहाल परिवार में मातम का माहौल है और परिजन भी आत्महत्या के कारणों को लेकर कुछ स्पष्ट नहीं कह पा रहे हैं।एसीपी रुबीना मिजवानी के मुताबिक, शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया गया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब युवती के मोबाइल कॉल डिटेल्स और परिवार के बयानों के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वह किसी मानसिक तनाव में थी या खुदकुशी के पीछे कोई अन्य कारण था।

# 8 साल के मासूम की मौत में 'गैर इरादतन हत्या' का केस

## स्टंटबाज बाइक सवार गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत निरंजनपुर में 20 जनवरी को हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। 8 वर्षीय बालक शिवांक की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।**



एसीपी पराग सैनी ने बताया कि पुलिस जांच और चश्मदीदों के बयानों में यह बात सामने आई है कि आरोपी रितिक भदौरिया निवासी निरंजनपुर नई बस्ती, देवास नाका बिना नंबर की यामहा मोटरसाइकिल को अक्सर कॉलोनी की तंग गलियों में बेहद तेज रफ्तार और खतरनाक ढंग से चलाता था। स्थानीय रहवासियों ने उसे कई बार रोककर समझाया था कि उसकी इस लापरवाही से किसी की जान जा सकती है, लेकिन आरोपी ने इन चेतावनियों को अनसुना कर दिया।20 जनवरी को भी रितिक ने उसी खतरनाक अंदाज में बाइक दौड़ाई और घर के पास मौजूद मासूम शिवांक पिता ज्ञानीशंकर शर्मा को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में शिवांक को गंभीर चोटें आईं और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस का मानना है कि आरोपी को यह अच्छी तरह पता था कि रहवासी इलाके में तेज गति से वाहन चलाना जानलेवा हो सकता है, फिर भी उसने लापरवाही जारी रखी। यही कारण है कि पुलिस ने इसे महज एक दुर्घटना न मानकर गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा है।लसूड़िया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रितिक पिता अर्जुन भदौरिया को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट के दौरान बाइक से गिरने के कारण आरोपी के दाहिने हाथ में भी चोट आई है।

# साइलेंट अटैक का कहर

# दवा बाजार और छोटी ग्वालटोली में दो व्यक्तियों की अचानक मौत

## चलते-चलते जमीन पर गिरे और नहीं उठे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में साइलेंट हार्ट अटैक के मामले लगातार चिंता बढ़ा रहे हैं। पिछले 24 घंटों के भीतर दवा बाजार और छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। दोनों ही मामलों में मृतक चलते-चलते अचानक जमीन पर गिरे और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी सांसें थम गईं।

दवा बाजार क्षेत्र स्थित चेतक चेंबर के पास कल उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक चालक अचानक चलते-चलते बेसुध होकर गिर पड़ा। मृतक की पहचान सुनील पिता रामचंद्र रणछोड़,(39) निवासी नगीन नगर के रूप में हुई है। सुनील पेशे से ड्राइवर था और किसी काम से दवा बाजार आया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।

वहीं, छोटी ग्वालटोली इलाके में ऑटो पार्ट्स की दुकान पर आए अजीत शर्मा पिता राजदेव, निवासी गोविंद नगर की भी इसी तरह मौत हो गई। अजीत राजवाड़ा और नंदलालपुरा में पार्सल एंट्री का काम करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वे पैदल चलते समय अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। दुकान संचालक उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे ने बताया कि उन्हें पहले भी एक बार अटैक आ चुका था और उनका इलाज चल रहा था।

# वेटरनरी कॉलेज के सामने फायरिंग करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## इंदौर से पकड़ाया शूटर, तीन साथियों की तलाश जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महू-इंदौर रोड स्थित वेटरनरी कॉलेज के गेट के सामने पिछले दिनों हुई सनसनीखेज फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। किशनगंज थाना पुलिस ने घटना के मुख्य शूटर को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह पूरा हमला लड़की की बात को लेकर उपजे पुराने विवाद को सुलझाने के बहाने बुलाकर किया गया था।



घटनाक्रम के अनुसार, इंदौर के लालबाग क्षेत्र निवासी निक्की यादव और रजत यादव का महू के ग्राम कोदरिया के रहने वाले अतुल, आकाश, अभिषेक और दीपक आंजना के साथ विवाद चल रहा था। इस विवाद को निपटाने के बहाने 17 जनवरी को आरोपियों ने जानलेवा हमले की साजिश रची। निक्की और रजत अपने साथी तुषार आर्य और सुजल सोलंकी के साथ दो अलग-अलग स्कूटी पर सवार होकर वेटरनरी कॉलेज के गेट के सामने पहुंचे। आरोपियों ने पहले से ही हथियार तैयार रखे थे और जैसे ही दूसरा पक्ष वहां पहुंचा, आरोपियों ने उन्हें घेरकर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान पहले से तय प्लानिंग के मुताबिक, आरोपी तुषार आर्य ने पिस्टल निकालकर अतुल और उसके साथियों पर सीधी फायरिंग कर दी। इस हमले में एक गोली दीपक आंजना के जबड़े और पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी अपनी गाड़ियों से फरार हो गए। घायल दीपक को गंभीर अवस्था में अस्पताल भर्ती कराया गया, जिसके बाद किशनगंज पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कुलदीप खत्री की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का पीछा किया। इसी कड़ी में 20 जनवरी को पुलिस ने दबिश देकर मुख्य आरोपी तुषार उर्फ नन्ना पिता महेंद्र आर्य, निवासी अर्जुनपुरा मल्टी लालबाग इंदौर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने आरोपी तुषार के कब्जे से एक अवैध पिस्टल जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपी का रिमांड लेकर उससे पूछताछ कर रही है, जबकि मामले के तीन अन्य फरार आरोपी निक्की यादव, रजत यादव और सुजल सोलंकी की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने सरेराह युवक को कुचने की कोशिश की

## अपहरण का भी प्रयास

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के पॉश इलाके विजयनगर में बुधवार देर रात बीच सड़क पर जमकर बवाल हुआ, जिसका एक रोंगटे खड़े कर देने वाला वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह बेखौफ बदमाश एक युवक को जबरन अपनी कार में खींचने की कोशिश कर रहे हैं और विरोध करने पर उसे गाड़ी से कुचलने का दुस्साहस भी किया गया। हालांकि, पुलिस इस पूरे मामले में अब तक किसी भी शिकायत के मिलने से इनकार कर रही है।

पूरी घटना विजयनगर स्थित एनआरके बिजनेस पार्क के ठीक बाहर की बताई जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक, एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार कुछ युवकों का दूसरे गुट से किसी बात पर विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि स्कॉर्पियो सवारों ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे जबरन गाड़ी के अंदर ठूंसने लगे। इस दौरान सड़क पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और आरोपी सरेराह दबंगई दिखाते नजर आए। वायरल वीडियो का सबसे खौफनाक हिस्सा वह है, जिसमें आरोपी युवक पर गाड़ी चढ़ाकर उसे कुचलने का प्रयास करते दिख रहे हैं। युवक ने भागकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। हैरान करने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी वारदात के बावजूद विजयनगर पुलिस का कहना है कि उनके पास अभी तक इस तरह का कोई वीडियो या लिखित शिकायत नहीं पहुंची है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।